शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 70 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 06 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी के मामला की जांच याचिका दाखिल

**रांची**

हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी के मामला की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराए जाने की मांग को लेकर याचिका दाखिल की गई है। उक्त याचिका ईडी के अधिकारियों की ओर से दाखिल की गई है। जिसमें कहा गया है कि उन्हें पुलिस की जांच पर भरोसा नहीं है इसलिए इस मामले की जांच सीबीआई जैसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के अधिकारी कपिल राज, देवव्रत झा सहित चार अन्य के खिलाफ एससी-एसटी का मामला दर्ज कराया है। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन ने रांची के एससी-एसटी थाने में ईडी के अधिकारी कपिल राज, देवब्रत झा, अनुपम कुमार, अमन पटेल व अन्य अज्ञात के विरुद्ध 31 जनवरी को एससी-एसटी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। ये सभी अधिकारी ईडी के जोनल कार्यालय रांची से संबंधित हैं।

**ईडी के अधिकारियों पर हेमंत के लगाए गए आरोप**

हेमंत सोरेन ने कहा था कि ईडी के अधिकारियों ने उन्हें 29 से 31 जनवरी तक रांची में रहने के लिए कहा था। इसी दरमियान उनके दिल्ली स्थित आवास पर उनकी अनुपस्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के छापामारी की गई। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह अनुसूचित जनजाति से आते हैं, लेकिन ईडी के उक्त अधिकारियों में से एक भी अधिकारी एससी-एसटी अधिनियम से संबंधित नहीं था।

## महागठबंधन में शामिल हुए मुकेश सहनी

**पटना**

बीते कुछ महीनों से चल रही अनिश्चितता के बीच अंततः राष्ट्रीय जनता दल ने निषाद आरक्षण का मुद्दा उठाने वाली विकासशील इंसान पार्टी को तीन सीटें देने का फैसला कर लिया। वीआईपी को गोपालगंज, मोतिहारी और झंझारपुर सीटें दी गई हैं। शुक्रवार को राजद कार्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सहनी को दी जाने वाली सीटों का एलान किया। शुक्रवार को राजद कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी की मौजूदगी में वीआईपी को दी जाने वाली सीटों की घोषणा की।

# न्याय पत्र: कांग्रेस का घोषणापत्र जारी

## पार्टी के घोषणा पत्र में मजदूरी 400 रुपए दिन करने, गरीब परिवार की महिला को साल में 1 लाख रुपए देने की बात की गई

**नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को 48 पेज का घोषणा पत्र जारी किया। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में सोनिया, राहुल, खड़गे और मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष पी चिदंबरम ने 5 न्याय और 25 गारंटी का ऐलान किया। पार्टी के घोषणा पत्र में मजदूरी 400 रुपए दिन करने, गरीब परिवार की महिला को साल में 1 लाख रुपए देने, एमएसपी को कानून बनाने और जाति जनगणना कराने का जिक्र है। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में युवा, महिला, मजदूर और किसान पर फोकस किया है। इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग तरह की स्कीम्स का वादा किया गया है। पार्टी ने कहा है कि उसका घोषणा पत्र वर्क, वेल्थ और वेलफेयर पर आधारित है। यहां वर्क के मायने रोजगार, वेल्थ के मायने आमदनी और वेलफेयर के मायने सरकारी स्कीम्स के फायदे दिलाना है।

वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध। लोकसभा और विधानसभा चुनाव तय समय पर ही करवाएंगे।

मतदान एश्ट के जरिए होंगे, लेकिन वीवीपैट की पर्ची से मिलान किया जाएगा।

10वीं अनुसूची में संशोधन का वादा। इसके तहत दलबदल करने पर विधानसभा या संसद की सदस्यता खुद समाप्त हो जाएगी।

पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां सख्ती से कानून के अनुसार काम करेंगी।




हर मामले को संसद या राज्य विधानमंडलों की निगरानी में लाया जाएगा।

**यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है:** राहुल गांधी ने कहा- यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। एक तरफ एनडीए और प्रधानमंत्री मोदी हैं जो संविधान और लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे हैं और दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है जो संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करता है।

**बुजुर्गो को रेलवे में रियायत का वादा:** कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में बुजुर्गो को रेलवे में रियायत देने का वादा किया है। कोरोना के बाद से केंद्र सरकार ने इसे लगभग खत्म कर दिया है।

## कांग्रेस राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी

**कांग्रेस** राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी। इसके माध्यम से कांग्रेस जातियों, उपजातियों और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी। कांग्रेस शिक्षा एवं नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10% आरक्षण को बिना किसी भेदभाव के सभी जाति और समुदाय के लोगों के लिए लागू कराएगी।

कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और गरीब सामान्य वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर 50% का कैप हटाएगी। कांग्रेस अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को 1 साल के भीतर भरेगी।



वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगों के लिए पेंशन में केंद्र सरकार का योगदान महज 200-500 रुपए प्रति महीने है। कांग्रेस पेंशन की इस राशि को बढ़ाकर न्यूनतम 1,000 रुपए प्रति माह करेगी।

कांग्रेस 2025 से महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की आधी (50 प्रतिशत) नौकरियां आरक्षित करेगी। कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उच्च पदों जैसे, न्यायाधीशों, सरकार के सचिवों, उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों, कानून अधिकारियों और बोर्ड के निदेशकों पर अधिक महिलाओं की नियुक्ति हो।

कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देगी।

## महिलाओं को 1 लाख सालाना और 30 लाख नौकरियों की बात



**कांग्रेस** के न्याय पत्र में कहा गया है कि अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार आती है तो खाली पड़े 30 लाख पदों की भर्ती की जाएगी। गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना दिया जाएगा। जाति जनगणना होगी, एमएसपी पर कानून बनेगा। घोषणापत्र में मनरेगा मजदूरी 400 रुपए, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने और पीएमएलए कानून में बदलाव का ऐलान किया गया है। साथ ही सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की भी बात कही गई है।

**14 मार्च को राहुल ने पांच गारंटियों का ऐलान किया था**

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पिछले महीने ही महाराष्ट्र में समाप्त हुई थी। इस दौरान 14 मार्च को राहुल ने अपने अकाउंट पर 5 गारंटियां दीं थी। राहुल ने कहा कि स्वामीनाथन आयोग के तहत किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देंगे। साथ ही स्थायी कृषि ऋण माफी आयोग बनाएंगे।

**13 मार्च को कांग्रेस ने नारी न्याय गारंटी योजना की घोषणा की थी:** 13 मार्च को कांग्रेस ने नारी न्याय गारंटी योजना का ऐलान किया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी शेयर की थी। कांग्रेस ने गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए की मदद का वादा किया है। साथ ही कहा कि सरकारी नियुक्तियों में महिलाओं को आधा हक दिया जाएगा।

## सेहत के मोर्चे पर दो बड़े ऐलान

देशभर के लिए 25 लाख रुपए तक फ्री इलाज की योजना (हालांकि राजस्थान में राहुल गांधी ने 50 लाख रु. तक के फ्री इलाज की घोषणा की थी, इसके बाद कांग्रेस वहां हार गई थी)। कुल बजट का 4 फीसदी स्वास्थ्य के लिए, यह 2028-29 तक हो पाएगा।

**केंद्रीय जांच एजेंसियों पर लगाम कसा जाएगा**

कांग्रेस यह सुनिश्चित करने का वादा करती है कि पुलिस, जांच और खुफिया एजेंसियां सख्ती से कानून के अनुसार काम करेंगी। जिन बेलगाम शक्तियों का अभी वो प्रयोग करते हैं, उन्हें कम कर दिया जाएगा। जैसा भी मामला हो, उन्हें संसद या राज्य विधानमंडलों की निगरानी में लाया जाएगा।



**दलबदल पर खुद संसद या विधानसभा की सदस्यता जाने वाला कानून लाएंगे**

कांग्रेस संविधान की दसवीं अनुसूची में संशोधन करेगी और दलबदल (जिस मूल पार्टी से विधायक या सांसद चुना गया था उसे छोड़कर) को विधानसभा या संसद की सदस्यता से स्वतः अयोग्य घोषित करेगी।

**वोटिंग ईवीएम से लेकिन वीवीपैट से पर्ची का मिलान होगा**

कांग्रेस चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं का विश्वास बहाल करने का वादा करती है। कांग्रेस ईवीएम की दक्षता और मतपत्र की पारदर्शिता को संयोजित करने के लिए चुनाव कानूनों में संशोधन करेंगे।मतदान ईवीएम के माध्यम से होगा लेकिन मतदाता मशीन से उत्पन्न मतदान पर्ची को वीवीपैट (वीवीपैट) इकाई में रख और जमा कर सकेंगे।

## घोषणापत्र में एक देश एक चुनाव का विरोध

**इलेक्ट्रॉनिक** वोट मिलान का मिलान वीवीपैट पर्ची मिलान से किया जाएगा।

कांग्रेस एक राष्ट्र एक चुनाव' के विचार को अस्वीकार करती है और कांग्रेस वादा करती हैं कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव संविधान और संसदीय लोकतंत्र की परंपराओं के अनुसार जब भी निश्चित होंगे तब होंगे।

**5 न्याय से हर वर्ग को फायदा मिलेगा**

खड़गे ने कहा कि हमारा यह घोषणापत्र देश के राजनीतिक इतिहास में 'न्याय का दस्तावेज' के रूप में याद किया जाएगा। राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाई गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा यात्रा के दौरान पांच स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया गया। यात्रा के दौरान युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिसदारी न्याय की घोषणा की गई थी। हमने हर जगह इन्हीं न्याय की बात कही थी। इन 5 न्याय के अंदर 25 गारंटियां शामिल हैं, जिससे हर वर्ग को फायदा मिलेगा।



**मोदी मणिपुर जाने से डरते हैं: खड़गे**

खड़गे ने कहा कि हम डरने वाले नहीं है, क्योंकि हम उसूलों वाले लोग हैं। हमारे नेता राहुल और सोनिया के पास डर नाम की चीज नहीं है। नरेंद्र मोदी देश-विदेश के कई दौरे किए, लेकिन वो मणिपुर नहीं गए। मैं जानना चाहता हूं कि जब हमारे नेता राहुल मणिपुर जा सकते हैं तो नरेंद्र मोदी क्यों नहीं जा सकते? मुझे पता है कि मोदी मणिपुर जाने से डरते हैं। डरे हुए आदमी कभी देश नहीं चला सकते।

**भाजपा का केवल एक काम है कि चंदा दो और ठेका लो**

खड़गे ने कहा कि हम घर-घर जाएंगे। लोगों से मिलकर भाजपा की तरफ से किए जा रहे गलत कामों के बारे में बताएंगे।

भाजपा का केवल एक काम है कि चंदा दो और ठेका लो। भाजपा पार्टी में करप्ट लोग हैं, लेकिन वो हमें बदनाम कर रहे हैं। जब नेता हमारी पार्टी में रहते हैं तो वो कहते हैं कि कांग्रेस नेता भृष्ट हैं, लेकिन जैसे ही वो उनके पास जाते हैं, उनके सारे पाप धुल जाते हैं।

## खाद्य महंगाई की चिंता, कर्ज सस्ता करना दूसरे देशों के रुख पर भी निर्भर: आरबीआई



**नई दिल्ली**

**आरबीआई** गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा, 'हाथी बाहर टहलने गया है और लगता है कि जंगल में लौट जाएगा।' हाथी से उनका आशय खुदरा महंगाई से था। आरबीआई गवर्नर यह कहना चाहते थे कि महंगाई नियंत्रण में है और जल्दी ही वह निर्धारित सीमा में आ जाएगी। शक्तिकांत दास वित्त वर्ष 2024-25 में मौद्रिक समीक्षा समिति की पहली बैठक के बाद मीडिया से मुखातिब थे। आरबीआई ने लगातार सातवीं समीक्षा में रेपो रेट को 6.5% पर बरकरार रखा है। आरबीआई जिस ब्याज पर बैंकों को कर्ज देता है उसे रेपो रेट कहते हैं।

इकोनॉमी के तमाम सेक्टर इस उम्मीद में हैं कि महंगाई कम हो तो रिजर्व बैंक रेपो रेट घटाएगा। इससे आम लोगों और इंडस्ट्री के लिए कर्ज भी सस्ता होगा। लांग टर्म में खुदरा महंगाई के लिए केंद्रीय बैंक का लक्ष्य 4% का है, समय-समय पर यह 2% कम या ज्यादा हो सकता है। लेकिन 2020 में कोरोना महामारी आने के पहले से यह 4% से ऊपर बनी हुई है। सामान्य मानसून की उम्मीद में आरबीआई ने 2024-25 के लिए 4.5% खुदरा महंगाई के अनुमान में तो कोई बदलाव नहीं किया, लेकिन अलग-अलग तिमाहियों के लिए अनुमान बदले हैं। इसने पहली तिमाही यानी अप्रैल-जून के लिए खुदरा महंगाई का अनुमान 5% से घटा कर 4.9%, दूसरी तिमाही के लिए 4% से घटा कर 3.8% किया गया है। तीसरी तिमाही में 4.6% का अनुमान पिछली बार के समान है, लेकिन चौथी तिमाही के लिए महंगाई के अनुमान को 4.7% से कम कर 4.5% कर दिया है।

## गाजा युद्ध के बीच इजरायल पहुंचा भारतीय श्रमिकों का दल

**नई दिल्ली**

इजरायल और आंतकी संगठन हमास के बीच लगातार युद्ध चल रहा है। इसके साथ ही पूरे खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने के संकेत है। ऐसे में इजरायल सरकार के अनुरोध पर 64 भारतीय श्रमिकों का दल वहां पहुंच चुका है। भारत ने इन श्रमिकों की सुरक्षा का खास तौर पर ख्याल रखने का आग्रह इजरायल सरकार को किया है। इजरायल सरकार की तरफ से अनौपचारिक तौर पर भारत को इस बारे में बताया भी गया है कि इन श्रमिकों को वैसी ही सुरक्षा दी जाएगी जैसा कि एक सामान्य इजरायली जनता को दी जाती है। भारत का यह आग्रह इसलिए महत्वपूर्ण है कि इजरायल की तरफ से 10 हजार भारतीय श्रमिकों की मांग की गई है और इनकी भर्ती के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कई शहरों में प्रक्रिया जारी है। विदेश मंत्रलाय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि, हमारे लिए श्रमिकों की सुरक्षा काफी महत्वपूर्ण है। इजरायली अधिकारियों का कहा गया है कि इन श्रमिकों की सुरक्षा का पूरा इंतजाम होना चाहिए।"



इजरायल की तरफ इन श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर कोई खास आश्वासन मिला है या नहीं लेकिन इजरायल सरकार के सूत्रों ने बताया है कि श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर पहले ही उनकी एजेंसियों के बीच काफी विस्तार से विमर्श हो गया है।

## सीबीएसई ने बदला 11वीं और 12वीं क्लास का एग्जाम फॉर्मेट

**नई दिल्ली**

सीबीएसई के 11वीं और 12वीं कक्षा की एग्जाम में पूछे जाने वाले प्रश्नों के फॉर्मेट में बदलाव किए जाएंगे। बोर्ड के मुताबिक, छात्रों से वास्तविक जीवन स्थितियों से जुड़े प्रश्नों को शामिल किया जाएगा। बोर्ड के मुताबिक, एग्जाम में अब कॉन्सेप्ट आधारित प्रश्नों की संख्या बढ़ाई जाएगी। बोर्ड ने जानकारी दी है कि परीक्षाओं में एमसीक्यू, वास्तविक जीवन से जुड़े प्रशन, केस स्टडी जैसे सवालों की संख्या बढ़ाई जाएगी। वहीं, मीडियम और लॉन्ग टाइप प्रश्नों को घटाया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार बोर्ड ने स्कूलों में योग्यता आधारित शिक्षा के कार्यान्वयन की दिशा में कई कदम उठाए हैं। सीबीएसई के निदेशक (शैक्षणिक) जोसेफ एमानुएल ने कहा बोर्ड का पूरा जोर एक शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है, जहां छात्र सवाल को रटे न या सिर्फ याद न कर लें बल्कि चीजों को सीखें भी।

# खारिज: पाकिस्तान भरोसे लायक नहीं: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली**

**पाकिस्तान के** विदेश मंत्री ईशाक डार ने भारत के साथ कारोबारी रिश्तों को बेहतर करने की वकालत कर तो दी लेकिन स्वयं उनके विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने उनकी बातों को खारिज कर दिया। ऐसे में भारत की तरफ से इस पड़ोसी देश के साथ रिश्तों को सुधारने के लिए अपनी तरफ से किसी तरह की पहल किये जाने की संभावना बिल्कुल भी नहीं है। विदेश मंत्रालय ने भी गुरुवार को इस बात के पूरे संकेत दे दिए।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का कहना है कि पाकिस्तान से जो बयान आ रहे हैं वह विरोधाभासी हैं। एक दिन पहले भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में जिस तरह से आतंकवाद को समर्थन देने को लेकर जिस तरह से पाकिस्तान पर हमला बोला है वह भी ऐसा ही संकेत देता है। हमने पाकिस्तान के विदेश मंत्री के बयान को देखा है। लेकिन मैं आपका ध्यान उसके बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता के बयान की तरफ दिलाना चाहूंगा। इन दोनों बयानों को जब आप देखेंगे तो काफी विरोधाभास पाएंगे। मुझे इससे ज्यादा कुछ नहीं कहना है।- रणधीर जायसवाल



**डार ने की थी रिश्ते सुधारने की वकालत**

पाक के विदेश मंत्री डार ने अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान भारत के साथ कारोबारी रिश्तों को सुधारने की वकालत की थी। उन्होंने कहा था कि, पाकिस्तान के उद्यमी भारत के साथ रिश्तों को सुधारना चाहते हैं। सरकार इस बारे में गंभीरता से विचार करेगी, लेकिन इसके बाद वहां के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जाहरा बलूच ने कहा कि, वर्ष 2019 के बाद से ही भारत व पाकिस्तान के कारोबारी रिश्ते बंद है और पाकिस्तान सरकार की इस बारे में नीतियों में कोई बदलाव नहीं आया है। सनद रहे कि डार पूर्व में पाकिस्तान के वित्त मंत्री के तौर पर कार्य कर चुके हैं।

**डार को सौंपा गया है विदेश मंत्रालय का जिम्मा**

पाकिस्तान में हाल ही में शाहबाज शरीफ की अगुवाई में नई सरकार बनी है जिसमें डार को विदेश मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। पाकिस्तान की खस्ताहाल आर्थिक स्थिति को देखते हुए माना जा रहा है कि बतौर विदेश मंत्री वह आर्थिक कूटनीति पर ज्यादा जोर देंगे। उनके भारत के बारे में दिए गये बयान को भी इसी से जोड़ कर देखा गया था।

# अकीदत से हुई अलविदा की नमाज, मुल्क के लिए दुआएं

## रमजान के आखिरी जुमा पर उमड़ी भीड़, पुराने शहर में पुलिस, आरएएफ तैनात, अफसरों ने किया पैदल मार्च

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** रहमतों, फजीलतो वाले माहे रमजान के आखिरी अशरे के आखिरी जुमा (शुक्रवार) को अलविदा की नमाज अकीदत और एहतेराम से अदा की गई। नमाज से पहले मस्जिदों की तकरीरों में अलविदा-अलविदा माह-ए-रमजान की गूंज सुनाई दी। सब्र के इस माह में अल्लाह की रहमतों का जिक्र हुआ। मस्जिदों, दरगाहों समेत अन्य इबादतगाहों में खूब भीड़ उमड़ी। जामा मस्जिद चौक, शिया जामा मस्जिद चक समेत शहर भर की सभी बड़ी-छोटी मस्जिदों में नमाजियों का मजमा रहा। पेश इमामों, उलेमाओं ने खुतबे के साथ ही रमजान और ईद पर रोशनी डाली। मुल्क में अमन, चैन की दुआएं हुईं। तो कहीं दुनिया में जुल्मों सितम के खात्मे के लिए खुदा बंद करीम से भीख मांगी गई। नमाज के पहले और नमाज के बाद भी मस्जिदों में कुरआन पाक, तस्बीह पढ़ने का सिलसिला चलता रहा। सभी मस्जिदों में जमात के खास इंतजाम हुए।





### इतनी भीड़ की दो जमात हुई

अबकी बार अलविदा की नमाज सड़कों पर नहीं हो सकी। ऐसे में मस्जिदों में अधिक भीड़ को देखते हुए दो बार जमात यान नमाज का इंतजाम हुआ। चौक जामा मस्जिद में दोपहर 12.46 बजे और 1.45 बजे जताम हुई। इसी प्रकार करेली, अटाला, रसूलपुर, नखासकोहना, चकिया आदि की कई मस्जिदों में दो जमात का इंतजाम हुआ। दोपहर साढ़े बारह बजे से ढाई बजे तक मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा कराई गई।

### कड़े सुरक्षा इंतजाम, पैदल मार्च किया

पुराने शहर में ऐहतियात के तौर पर पुलिस, पीएसी और आरएएफ की तैनाती रही। जामा मस्जिद चौक में डीसीपी सिटी दीपक भूकर के नेतृत्व में फोर्स ने पैदल मार्च कर अमन और शांति का पैगाम दिया। डीसीपी ने नमाजियों से मुलाकात कर उन्हें अलविदा की मुबारकबाद दी। नखासकोहना, कोतवाली, चौक, शाहगंज, सब्जीमंडी आदि में पुलिस और आरएएफ के जवानों ने मार्च किया। चौक जामा मस्जिद, शिया जामा मस्जिद चक समेत शहर की सभी मस्जिदों समेत अन्य इबादतगाहों पर पुलिस की तैनाती रही।

# कबाड़ के गोदाम में धधकी भीषण आग, दमकल की चार गाड़ियां आग बुझाने में जुटीं



**प्रयागराज।** कोतवाली नैनी अंतर्गत मड़ौका मार्ग पर तिगनौता मोहल्ले में स्थित एक कबाड़ के गोदाम में गुरुवार की देर रात भीषण आग लग गई। रात करीब ढाई बजे लोगों ने धुआं उठता देखा तो हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने खुद से ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। गोदाम में कबाड़ के साथ ही भारी मात्रा में रद्दी कागज और कार्टन रखे गए थे। इस कारण आग और तेज धधक रही थी। सूचना पर शहर और नैनी केंद्र से फायर ब्रिगेड के चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गई। जेसीबी मशीन की भी मदद ली जा रही है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक आग को पूरी तरह से बुझाई नहीं जा सकी थी। आग से लाखों का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। यह गोदाम नैनी निवासी राहुल पांडेय का बताया जा रहा है।





# एमयूएनपीएल के आरोग्यम अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी शिविर का हुआ समापन

**मेजा।** शुक्रवार को आरोग्यम अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमयूएनपीएल के सीईओ कमलेश सोनी थे। यह शिविर आरोग्यम अस्पताल द्वारा एमयूएनपीएल सीएसआर टीम के साथ महेश नेत्रालय, प्रयागराज, आरोग्यम अस्पताल के सहयोग से परियोजना प्रभावित गांवों के लिए आयोजित किया गया था। स्क्रीनिंग शिविर में 185 पंजीकरण हुए, जिनमें से 27 मरीजों ने प्रयागराज के अत्याधुनिक नेत्र अस्पताल में सर्जरी करवाई। इस अवसर पर एमयूएनपीएल के सीईओ कमलेश सोनी ने आसपास के गांवों के कल्याण के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।अपराजिता महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती अनु सोनी ने भी सीएमओ डॉ. मनीषा पांडे के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सेवा पहलों के सफल आयोजन के लिए अस्पताल के प्रयासों की प्रशंसा की।श्रीमती सोनी और कार्यकारी समिति के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा मरीजों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर मरीजों ने शिविर के दौरान रहने, परिवहन, भोजन तथा निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी की व्यवस्था की सराहना की।

# नैनी शिव नगर में बेटियों ने निभाया बेटे का फर्ज, पिता की अर्थी को कंधा देकर दी मुखाग्नि

**बेटे की पहले ही हो चुकी है मौत**

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी स्थित शिव नगर के रहने वाले शिव शंकर दुबे की पहले पत्नी की मौत, फिर जवान बेटे की मौत से टूट चुके शिव शंकर दुबे की लंबी बीमारी से गुरुवार की देर रात मौत हो गयी। पिता की मौत की खबर मिलते ही ससुराल में रह रही मृतक की चारों बेटियां रोते बिलखते अस्पताल पहुंची। चारों बेटियों ने मिलकर पिता की अर्थी को कंधा दिया और पिता को श्मशान घाट पर मुखाग्नि दी। बेटियों के इस फर्ज और कर्तव्य को देखकर घाट पर मौजूद रहे लोगों की आंखे भर आईं। नैनी स्थित शिव नगर के रहने वाले शिव शंकर दुबे (75) वर्ष मूल रूप से टिकर तहसील बरहज जिला देवरिया के रहने वाले थे। गुरुवार की देर रात बीमारी से उनकी मौत हो गयी। वह कर्मचारी राज्य बीमा के प्रबंधक के पद से सेवा निवृत्त हुए थे। वह एक बेटा, चार बेटियां और उनकी पत्नी के साथ रहते थे। करीब 15 साल पहले पत्नी ललिता देवी की बीमारी से मौत हो गयी। इसके बाद बेटे ने किसी कारण से खुदकुशी कर ली थी। चारों बेटियों में अंजू उर्फ गुड्डी, सुमन उर्फ किरण, सीमा



और सीमा की शादी हो चुकी थी। परिवार में वह अकेले रह गये। बेटियों की शादी होने के बाद वह सभी ससुराल मे रहने लगी। पिता का हाल जानने के लिए सभी अक्सर आया जाया करती थी। बीते कुछ महीनों से शिव शंकर की तबियत बिगड़ हुयी थी। बेटियों ने उन्हे कुछ दिन पहले ही स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां सभी बहने बारी बारी से देखभाल करती थी। गुरूवार की देर रात शिव शंकर के शरीर ने साथ छोड़ दिया। साथ रही बेटी ने अन्य बहनों को जानकारी दी। जिसके बाद सभी रोते बिलखते अस्पताल पहुंची और वहा से पिता के शव को लेकर घर आ गयी। पिता के शव के अंतिम संस्कार के लिए चारो बेटियों ने कंधा दिया और दारागंज श्मशान घाट पहुंच गयी। हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पिता को मुखग्नि दी। बेटियों के इस कर्तव्य और फर्ज को देखकर सभी की आंखे भर आई।

## भगवान ऋषभदेव का हुआ पंचामृत अभिषेक



**हनुमानगंज।** अंदावा स्थित जैन मंदिर तपस्थली में शुक्रवार को पीठाधीश रविंद्र कीर्ति स्वामी के नेतृत्व में वार्षिक मेले व धर्म सभा आयोजन किया गया। जिसमे भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ जिसके बाद धर्म सभा, मंगलाचरण फिर शास्त्री विजय कुमार जैन, पं आशीष शास्त्री ने भगवान ऋषभदेव का पंचामृत अभिषेक किया। निधि जैन में मनमोहक भजन की प्रस्तुति देकर लोगो को भक्तिमय कर दिया। इस दौरान संदीप जैन, संजीव जैन, अनुपम जैन, सविता जैन, सोनल जैन, अरुण जैन, अजीत प्रसाद जैन सहित प्रयागराज के कोने कोने से लोग पहुचे थे।

## उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अंक पत्र के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया



**जसरा।** श्री लालचंद्र इंटर कालेज जसरा में वार्षिक परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। परीक्षा में ससम्मान प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य डा०प्रेम प्रकाश सिंह ने अंक पत्र के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य डॉ० सिंह ने कहा कि विद्यालय और समाज में बेहतर अन्तर क्रियात्मक रास्ता होना चाहिए। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों एवं अभिवावकों को सम्मानित करते हुए समय समय पर विद्यालय आने और सहयोग करते रहने का अनुरोध किया। इस मौके पर जसरा प्रधान आशीष सोनकर, शिक्षक मुनेश बाबू,डा०चक्रधर द्विवेदी, विश्वनाथ प्रताप सिंह, गणेश प्रसाद गुप्त, राजेन्द्र बाबू,आनंद जायसवाल , कमलेश त्रिपाठी,शीला पाठक,अकरम अली, गेंदालाल यादव, अरुण कुमार तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## खेसका उच्च प्रा.विद्यालय में वार्षिक उत्सव मेले में छात्र हुए पुरस्कृत



**करछना** उच्च प्राथमिक विद्यालय खेसका विकासखंड करछना में वार्षिक उत्सव एवं नामांकन मेला एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज श्री प्रवीण कुमार तिवारी रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी करछना श्री ओमप्रकाश मिश्रा जी थे उक्त कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज ने नवीन नामांकन पर जोर दिया तथा अपील किया कि परिषदीय विद्यालयों में विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष नामांकन अधिक से अधिक हो खंड शिक्षा अधिकारी करछना ने मुख्य अतिथि का स्वागत भाषण किया इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद प्रयागराज के जिला मंत्री श्री बहादुर सिंह ब्लॉक मंत्री रविंद्र नाथ मिश्रा मनोज मिश्रा बृजेश सिंह रणधीर शर्मा त्रिवेणी शंकर संकुल स्तर के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमती रुस्दा नाहिद ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रॉयल डांस क्लास में बच्चों ने मचाया धमाल



**झूंसी।** इन दोनों झूंसी क्षेत्र के खान मार्केट के समीप एक डांस सेंटर की शुरूआत हुई है जिसका नाम रॉयल डांस सेंटर है । इस रॉयल डांस सेंटर का खासियत यह है कि यहां बच्चों के साथ-साथ महिलाएं भी खूब बढ़-चढ़ के डांस क्लास में एडमिशन करा कर डांस सिखती हैं । डांस क्लास में एक से बढ़कर एक नए व पुराने गानों पर बच्चों को डांस सिखाया जा रहा है । जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होता दिखता है । जब रॉयल डांस क्लास के डांस टीचर कारन से बातचीत किया गया तो उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य सभी छोटे व बड़े बच्चों को डांस का प्रशिक्षण इस तरह से दे की अपने प्रतिभा का कहीं भी उपयोग कर सम्मान प्राप्त कर सकें जैसे वर्तमान सरकार बच्चों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश देती रहती है इसी तरह इस डांस क्लास के माध्यम से हर बच्चों को डांस के माध्यम से एक अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रतिदिन प्रेषित कर रहे हैं । तथा टीचर कारन ने यह भी बताया कि साथ ही कुछ महिलाएं भी निरंतर डांस क्लास में भाग ले रही हैं ,डांस एक ऐसी कला है जो किसी भी उम्र में सीखा जा सकता हैं । इसके साथ ही आए हुए बच्चों को डांस सिखाने चले गए ।

# प्रशिक्षण एवं सूझभूझ से कूड़े में लगी आग पर काबू पाया

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में शुक्रवार को काजीपुर रोड कैलाश चक्की चौराहे निकट खाली प्लॉट में कूड़े के ढेर पर अचानक से आग लग गई, देखते ही देखते आग ने गंभीर रूप ले लिया। गनीमत रही कि नजदीक स्थित सुंदरम गार्डन के अंकित तिवारी ने खतरे की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अग्नि सुरक्षा विभाग तथा आकाश जायसवाल को सूचना देने के साथ साथ गेस्ट हाउस मे लगे अग्निशमन उपकरणों का उपयोग कर आग को कमजोर किया। आगजनी से महज ३० फिट की दूरी प एक झोपड़ी और बिजली विभाग के दो ट्रांसफार्म लगे हुए थे जोकि एक बड़ा हादसा हो सकता था। यहां बताना आवश्यक होगा कि कुछ सप्ताह पूर्व इलाहाबाद गेस्ट हाउस एसोसिएशन एवं सिविल डिफेंस के संयुक्त प्रयासों से अग्निशमन विभाग विभाग ने सामान्य अग्निशमन सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया था। प्रशिक्षण के फल स्वरुप ही आज एक बड़ी अग्नि दुर्घटना होने से बचाव हो सका। जागरूकता प्रशिक्षण प्राप्त जागरूक लोगो ने अग्नि दुर्घटना पर तत्परता से काबू पाने की जानकारी होने पर सिविल डिफेंस के डिवीजनल वार्डन रौनक गुप्ता तथा पोस्ट वार्डन राजेश कुमार यादव ने प्रशिक्षण के सार्थकता को तुरंत साबित करने पर बहुत-बहुत बधाई दिया है। गर्मी में अग्नि दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है आशा है कि अग्निशमन की और कार्यशालाएं आयोजित कर नागरिकों को जागरूक किया जाए ऐसी दशा में जान माल की हानि को न्यूनतम किया जा सकता है।

## सिपाही का बीयर पीते वीडियो वायरल

झूंसी। वर्दी में एक सिपाही का शराब पीने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो 49 सेकेंड का है जिसमे सिपाही किसी ढाबे पर बैठकर फोन से बात कर रहा है और उसके सामने बियर की बोतल टेबल पर रखी हुई है। बताया जाता है कि सिपाही झूंसी थाना क्षेत्र में 100 डायल की गाड़ी पर तैनात है और उसके साथ के एक सिपाही ने ही वीडियो बनाई फिर वायरल कर दी। किसी ने वीडियो को यूपी पुलिस व प्रयागराज पुलिस को एक्स पर टैग भी किया है। हमारा अखबार इस वीडियो की पुष्टि नही करता है।

## 15 हजार इनामिया वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सहसों।** थाना सरायइनायत में पंजीकृत मुकदमा से सम्बन्धित 15 हजार रुपए का इनामिया वांछित अभियुक्त शोभित सिंह उर्फ राज पुत्र विनोद सिंह निवासी सेमरा थाना सरायइनायत को थाना सरायइनायत व एसटीएफ प्रयागराज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चार अप्रैल को थाना सरायइनायत क्षेत्र के अंतर्गत कसेरूआ कला के नहर की पुलिया के पास से घेराबंदी कर मुकदमा उपरोक्त में लूट के 4150 रुपए तथा 01 अवैध तमंचा .315 बोर व 01 कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-411 भा0द0सं0 की बढ़ोत्तरी करते हुए थाना सरायइनायत पर संबंधित अपराधिक धाराओं एवं आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारी पुलिस टीम में नि0 अनिल कुमार सिंह, प्रशि0उ0नि0 आयुष सिंह, हे0का0 शमीम खान, हे0का0 उदय प्रदाप सिंह, हे0का0 सोनू यादव,हे0का0 अजय कुमार यादव, हे0का0 सुनील कुमार, हे0का0 प्रभन्जन पाण्डेय, एस0टी0एफ0 शामिल रहे।

## युवती के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मांडा।** दिघिया गांव निवासी व्यक्ति ने मांडा थाने में तहरीर देखकर आरोप लगाया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी मंगलवार सुबह 5 बजे बाहर शौच के लिए गई थी इसी बीच गांव के ही कुलदीप पुत्र व्यापारी यादव व मनदीप सिंह निवासी दीघिया बेटी का मुंह दबाकर अरहर के खेत में ले जाकर छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बेटी के विरोध करने पर आरोपितों ने पीड़िता को अपने घर के शौचालय में बंद कर फरार हो गए किशोरी के स्वजनों ने मंगलवार को काफी खोजबीन की किंतु उसका पता नहीं चला बुधवार को कुलदीप यादव के शौचालय में बेटी बंद मिली पीड़िता का आरोप है कि एक माह पूर्व भी कुलदीप यादव और मनदीप सिंह जबरजस्ती अवैध संबंध बना चुके हैं बताने पर जान से मारने की धमकी भी दिया दहशत में पीड़ित ने घर वालों को कुछ नहीं बताया था थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।

## घर को विखरने से बचाएं बड़ों का करें सम्मान- हरिहरानंद



**सहसों।** क्षेत्र के रुदापुर गांव स्थित प्रेम कुमार मिश्रा के संयोजन में नौ दिवसीय चल रही संगीतमय राम कथा के सातवें दिन कथा व्यास श्री हरि प्रपन्नाचार्य जी महाराज हरिहरानंद के अमृतमयी वाणी द्वारा राम राज्याभिषेक एवं राम वन गमन तथा भरत चरित्र की सुंदर प्रसंग सुनते श्रद्धालु श्रोता भक्त नर नारी भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने बताया कि दासी मंथरा द्वारा महाराज दशरथ के परिवार को छिन्न-भिन्न कर दिया गया। सो कथा प्रेमियों आप लोग अपने घर परिवार को टूटने बिखरने से बचा लो किसी भी मंथरा के बहकावे में मत पड़ो श्रेष्ठ जनो की सुनो और जानो उनका आदर के साथ सम्मान करो परिवार को एक सूत्र में बांधकर चलो। उन्होंने कथा प्रसंग को श्रवण कराते हुए बताया कि वह बेटा बड़भागी है जो अपने माता-पिता की सेवा करे, उनके आदेश को शिरोधार्य करे, राम जैसा बेटा बनकर अपने कुल का नाम रोशन करे। कथा व्यास ने नौजवानों को संदेश देते हुए कहा कि बेटा मां से कभी उरिण नहीं हो सकता। मां मां होती है, माता-पिता की सेवा में ही सच्चा धर्म और भक्ति निहित है। माता-पिता की डांट फटकार में भी उसका प्रेम और आशीर्वाद झलकता है। कथा व्यास ने कहा रामचरितमानस हमें अच्छे जीवन जीने की कला एवं संस्कार सिखाती है सो इस ग्रंथ को पढ़िए समझिए और जीवन को संवारते हुए मन को प्रभु भक्ति में लगाकर अपने जीवन को धन्य करें। कथा विश्राम पर आयोजक एवं मुख्य यजमान इंजीनियर पंडित प्रेम कुमार मिश्रा एवं श्रीमती क्षमा मिश्रा व आदि भक्त श्रोताओं ने व्यासपीठ, भगवान राम दरबार व आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर पंडित मुरलीधर मिश्र, पंडित विमल कुमार मिश्रा, जय प्रकाश दुबे, चिंतामणि शुक्ला, राजधर द्विवेदी, वीरू पांडे, कृष्ण बल्लभ दुबे, राकेश प्रसाद मिश्र, सुरेश तिवारी, तेज प्रताप सिंह, सुभाष शुक्ला एवं मुन्ना दुबे, अनिल सरोज सहित भारी संख्या में कथा रसिक श्रोता नर नारी कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### रमजान जिंदगी में तब्दीली के लिए आता है: मुफ्ती फजलुर रहमान इलाहाबादी



**मऊआइमा।** रमजान के रोजे का मकसद यह है कि हम रमजान के बाद भी अपने आप को बुराइयों और बुरे कामों से दूर रखें, अगर हम ऐसा करने मे सफल हैं तो हमने रमजान के संदेश पर अमल किया। उक्त बातें आज अलविदा की नमाज से पहले अपने बयान में युवा आलिम मुफ्ती फजलुर रहमान इलाहाबादी ने मऊआइमा स्थित जामा मस्जिद आजमपुर में कहीं, उन्होंने कहा रोजे का मकसद तकवा परहेज गारी है, तकवा कहते हैं कि इंसान झूठ चोरी डकैती धोखा और तमाम बुराइयों से दूर रहे, और अल्लाह और उसके रसूल के बताए हुए सीधे और सच्चाई के रास्ते पर चले,उन्होंने कहा रमजान का महीना जिंदगी में तब्दीली के लिए आता है , रोजे की हालत में जिस तरह हम अपने आप को गुनाह के कामों से बचाते थे, रमजान के बाद भी हम गुनाह के कामों से अपने आप को बचायें, तब हम रमजान के सिद्धांतों पर अमल किया, मुफ्ती इलाहाबादी ने कहा इस्लाम की शिक्षा यह है की धरती पर जो लोग भी बसते हैं उनका धर्म कुछ भी हो, उनके साथ दया का मामला करो उनके दुख दर्द में काम आओ, तो अल्लाह ताला आप पर भी रहम करेगा, उन्होंने कहा ईद की खुशी में गरीब कमजोर बेसहारा लोगों को भी शामिल करें, ईद के पर्व हेतु उनकी ज्यादा से ज्यादा मदद करें, ताकि गरीब लोग भी ईद मना सकें।

### मस्जिदों में पारंपरिक रूप से पढ़ी गई माहे रमजान के आखिरी जुमे की नमाज



**मांडा।** माहे रमजान के आखिरी जुमे की नमाज पर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों और भारतगंज शहर के मस्जिदों में पारंपरिक रूप से पढ़ी गई। इस अवसर पर भारी मात्रा में पुलिस और पीएसी क्षेत्र में भ्रमणशील करती रही। शुक्रवार को माहे रमजान के आखिरी जुमे की नमाज भारतगंज के बड़े ईदगाह में करीब दो हजार, तैयबा जामा मस्जिद गारोपुर, भारतगंज में सात सौ, जुमा मस्जिद भारतगंज में करीब एक हजार, गाड़ीवान मस्जिद भारतगंज में करीब पांच सौ, इस्लामिया स्कूल मस्जिद भारतगंज में करीब एक हजार हजारों, प्लायन मस्जिद भारतगंज में लगभग आठ सौ, मांडा खास स्थित मस्तान शाह बाबा की मस्जिद में लगभग एक हजार, भारतगंज के सोना शाह मस्जिद में लगभग एक हजार लोगों ने अलैह जुमा की नमाज पढ़ी। इसके अलावा क्षेत्र के मिश्रित जनसंख्या वाले हाटा, नकटी, सुरवादलापुर, जफरा, दिघिया, मराड़, चिलबिला आदि जगहों पर भी माहे रमजान के आखिरी जुमा की नमाज पारंपरिक तरीके से पढ़ी गई। एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता व इंस्पेक्टर मांडा के नेतृत्व में भारी मात्रा में पुलिस व पीएसी के जवान शांति सुरक्षा को लेकर पूरे क्षेत्र में लगे रहे।

### झूंसी की कई मस्जिदों में पढ़ी गई अलविदा की नमाज

**झूँसी। प्रयागराज** तीन भागों में बंटे माहे रमजान के अशरा ए रहमत मगफिरत और निजात का होता है ।पहला और दूसरा अशरा समाप्त होने के बाद अब निजात का अशरा भी आखरी पड़ाव पर है ।चौबीस रोजे मुकम्मल हो गए ।अब कुछ दिन ही ईद को रह गए हैं ।पच्चीस माहे रमजान (पांच अप्रैल) को माहे रमजान का चौथा जुमा यानि अलविदा होगा ऐसे में झूंसी के कस्बा वाली मस्जिद, पटनाइ मस्जिद, तुरकाना मस्जिद, अनवर मार्केट मस्जिद, सराय मस्जिद, कलवारी टोला मस्जिद, कनिहार मस्जिद मलामा बुजुर्ग मस्जिद, मलामा खुर्द मस्जिद, चक हरिहर वन मस्जिद, में अलविदा की विशेष नमाज मस्जिदों के पेशइमामों की कयादत में अदा की गई।

# दो समुदायों के बीच मारपीट मामले में एक पक्ष से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत

**तनाव को देखते हुए गांव में भारी मात्रा में पुलिस एवं पीएसी के जवान तैनात, होली के दूसरे दिन जमीनी विवाद में वर्चस्व को लेकर हुई थी मारपीट, मारपीट के दौरान मृतक ओमप्रकाश भारतीया को आई थीं गंभीर चोटें**

अखंड भारत संदेश





**मेजा।** जमीनी विवाद के मामले में वर्चश्व को लेकर बीते ग्यारह दिन पूर्व होली के दिन दो समुदायों के मध्य हुई मारपीट मामले में बुरी तरह घायल ओम प्रकाश भारतीया की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली पूरे गांव में जहां सन्नाटा फैल गया वहीं भारी तनाव को देखते हुए मेजा पुलिस प्रशासन के हांथ पांव फूल गए और आनन फानन में पुलिस के आलाधिकरियों के साथ साथ मेजा मांडा तथा कोरांव थानों की पुलिस एवं पीएसी गांव में तैनात कर दी गई है। मामला मेजा थाना क्षेत्र के उसकी गांव का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के उक्त गांव में बीते 26 मार्च को होली के दूसरे दिन एक पक्ष से उसकी ग्राम पंचायत के वर्तमान प्रधान शशिकांत भारतीया तथा दूसरे पक्ष के दीवान खान आदि में पर्व की रंजिश जमीनी विवाद में वर्चस्व को लेकर दोनों समुदायों के जमकर मारपीट हुई थी जिसमें भारतीया पक्ष की ओर से कई लोग लहूलुहान हुए थे जिसमें ओम प्रकाश भारतीया की हालत काफी गंभीर थी जिन्हें इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालाकि मेजा पुलिस मामले में कार्यवाही करते हुए पांच आरोपियों के विरूद्ध केस दर्ज भी किया था जिसमें दो आरोपी दीवान खान व शाहिल खान जेल में हैं तीन आरोपी फरार चल रहे हैं जिन्हें गिरफ्तार करने के लिए मेजा पुलिस द्वारा बराबर छापेमारी की जा रही थी कि गंभीर अवस्था में घायल ओम प्रकाश की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। गौरतलब है कि ओमप्रकाश की मौत की खबर जैसे ही उसकी गांव के लोगों को मिली पूरे गांव में सन्नाटा छा गया चूंकि मामला दो समुदायों के बीच का होने के कारण गांव में हिंदू मुस्लिम राइट होने का अंदेशा को भापते हुए पुलिस के हाथ पांव फूल गए और तनाव को देखते हुए पूरे गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। शव पीएम होने बाद गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया मृतक ओमप्रकाश के परिजन शव का दाहसंस्कार नहीं कर रहे मेजा पुलिस प्रशासन के साथ साथ पुलिस के उच्चाधिकारी भी पीड़ित परिजनों को मनाने में लगे हुए हैं परिजनों का कहना है कि मामले में वांछित अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी एवं उनके घरों पर बुलडोजर की कार्यवाही होने तक शव का दाहसंस्कार नहीं किया जाएगा। जबकि मेजा पुलिस द्वारा गठित कई टीमें आरोपियों को पकड़ने के लिए जगह जगह लगी हुई हैं लेकिन सभी आरोपी अपने अपने घरों का ताला बंदी कर फरार हो गए हैं फिलहाल समाचार लिखे जाने तक परिजन शव का दाहसंस्कार करने को राजी नहीं थे गांव में भारी तनाव का माहौल है पुलिस के आलाधिकरियों के अलावा भारी मात्रा पुलिस एवं पीएसी के जवान तैनात हैं।

## जिलाधिकारी के निर्देशन में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रयागराज। वर्तमान समय में मतदाता जागरूकता अभियान जिला अधिकारी प्रयागराज के निर्देशन में चलाया जा रहा है इसी क्रम में सिविल लाइंस व्यापार मंडल, सिविल सिविल डिफेंस, टेंपो टैक्सी यूनियन के साथ एक संयुक्त बैठक का आयोजन विकास भवन में जिला विद्यालय निरीक्षक श्री बीएन सिंह प्रयागराज के द्वारा की गई इस बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा यह बताया गया कि पूरे भारतवर्ष में प्रयागराज के शहर उत्तरी में मतदान का प्रतिशत सबसे कम होता है अतः मतदाता जागरूकता की बहुत आवश्यकता है मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस बैठक में प्रतिभाग करते हुए केंद्रीय व्यापार मंडल एवंसिविल लाइंस व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील खरबंदा ने कहा कि जो नई-नई हाउसिंग सोसाइटीज बन गई हैं उनमें जो लोग निवास कर रहे हैं उनके मतदाता पहचान पत्र अभी तक नहीं बन पाए हैं और मतदाता सूची में इस प्रकार की बहुत सी कमियां हैं महामंत्री शिव शंकर सिंह ने कहा कि इस बार 25 मई को मतदान दिवस पर चिलचिलाती धूप होगी अतः मतदान केदो पर ठंडे पानी की सुविधा प्रदान की जाए सिविल लाइंस व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष अरोड़ा ने कहा कि निर्वाचन तिथि के पहले निर्वाचन की पर्चियां मतदाताओं तक पहुंच जाएं ताकि उन्हें यह विश्वास हो जाए कि हमें अपने मतदान बूथ से बिना मतदान किया निराश नहीं लौटना पड़ेगा अंत में वहां पर उपस्थित सभी को जिविनि प्रयागराज ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई इसी क्रम में आज केंद्रीय व्यापार मंडल सिविल लाइंस व्यापार मंडल एवं प्रयागराज ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक अध्यक्ष कार्यालय खरबंदा परिसर में आयोजित की गई जिसमें अध्यक्ष सुशील खरबंदा ने अपने सभी पदाधिकारियो से मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी करने का आग्रह किया महामंत्री शिव शंकर सिंह ने कहा कि मतदान का पर्व महापर्व है प्रत्येक नागरिक को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस सभा में मुख्य रूप से अध्यक्ष सुशील खरबंदा महामंत्री शिव शंकर सिंह आशीष अरोड़ा डॉक्टर सुभाष यादव संदीप कटयाल शशांक जैन, सरदार रणवीर सिंह, रितेश सिंह, विशाल कनौजिया, रघुनाथ द्विवेदी, आशु गोस्वामी, अमित केसरवानी, कैलाश करेरा ,मोहित चोपड़ा आदि बड़ी संख्या में व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# मतपत्रों की छंटाई के साथ शुरू हुई मतगणना, अध्यक्ष, महासचिव पद पर कड़ी टक्कर की संभावना

**हाईकोर्ट बार एसोसिएशन**



**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव की मतगणना का कार्य सुबह 10 बजे से शुरू हो चुका है। एशिया की सबसे बड़ी बार एसोसिएशन के 28 पदों के लिए 206 प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा खुल गया है। बुधवार को हुए मतदान में कुल 9300 मतदाताओं में से 8246 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। भरी सुरक्षा के बीच शुक्रवार सुबह 10 बजे से बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी हाल में मतगणना प्रक्रिया शुरू हो गई है। सबसे पहले मतपत्रों की छंटाई का काम चल रहा है। इसके बाद शाम तक मतगणना का कार्य शुरू हो जाएगा। सबसे पहले अध्यक्ष और सचिव समेत सभी एकल पदों के लिए पड़े मतों की गिनती होगी। गौरतलब है कि अध्यक्ष के नौ, सचिव के 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए 13 और कोषाध्यक्ष के लिए सात प्रत्याशियों ने ताल ठोकी है। संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए 11, लाइब्रेरी सचिव के लिए आठ, संयुक्त सचिव प्रेस के लिए दस और संयुक्त सचिव महिला के पद पर सात उम्मीदवारों ने दावेदारी की है। इन एकल पदों का परिणाम सबसे पहले आएगा। इसके बाद उपाध्यक्ष के पांच पदों पर 53 और कार्यकारिणी सदस्य के 15 पदों के लिए 76 प्रत्याशियों के मतों की गणना शुरू होगी। इन पदों पर ज्यादा उम्मीदवार होने के कारण इनकी गिनती लंबे समय तक चलेगी। लिहाजा, गैर एकल पदों के परिणाम के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। इस मौके पर मुख्य चुनाव अधिकारी बीएम जैदी, सहायक चुनाव अधिकारी वशिष्ठ तिवारी, चंदन शर्मा, प्रभाकर अवस्थी बार एसोसिएशन के कर्मचारी और अध्यक्ष, सचिव समेत एकल पदों के सभी प्रत्याशियों के अभिकर्ता मौजूद हैं।

## सुप्रीम कोर्ट द्वारा मदरसा बोर्ड की बहाली पर शिक्षकों में खुशी की लहर

**मऊआइमा।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा शुक्रवार को मदरसा बोर्ड को बहाल किए जाने पर मदरसा के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मऊआइमा नग पंचायत के मदरसा इस्लामिया अबूहलीमपटटी,मदरसा अनवारूल उलूम,मदरसा इस्लामिया आदि के शिक्षक मोहम्मद अकमल प्रधानाचार्य,सलाह उद्दीन,अबूजर, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद फैज, शफीकुल रहमान प्रधानाचार्य, मौलाना सालिम, साजिद,,रईस अहमद, अख्तर हुसैन आदि ने खुशी का इजहार करते हुए सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार प्रकट करते कहे कि शिक्षकों के ऊपर रोजी रोटी का आया संकट को दूर कर दिया।और छात्रों को शिक्षा प्रदान करने की राह आसान कर दी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने शहर में बनाये गये विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, डीसीपी नगर दीपक भूकर व मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के साथ शुक्रवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत शहर में बनाये गये विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमणकर वहां पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। भ्रमण के दौरान उन्होंने बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एण्ड कालेज, मेरी वाना मेकर गर्ल्स इण्टर कालेज, भारत स्काउट गाइड स्कूल, राजकीय शोध आदर्श विद्यालय, सेंट एंथोनी कान्वेंट गर्ल्स इण्टर कालेज, सेंट एंथोनी प्राइमरी स्कूल, बॉयज हाईस्कूल, होली ट्रिनिटी शाखा में बनाये गये मतदान केन्द्र व मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर वहां पर पेयजल, पंखा, प्रकाश, वॉशरूम, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने प्रत्येक मतदेय स्थल पर इंट्री व एक्जिट प्वाइंट को भी देखा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्येक मतदेय स्थल पर मतदेय स्थल क्रमांक व अन्य विवरण को लिखवायें जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है। उन्होंने जिन विद्यालयों में पुलिस व सुरक्षा बलो के रूकने की व्यवस्था की जानी है, वहां पर बिजली, पानी व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह, अपर नगर मजिस्टेट द्वितीय सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**मतदान प्रतिशत को बढ़ाने व लोगों को जागरूक किए जाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत हुआ**

# विभिन्न विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत जनपद में शुक्रवार को मतदाता पंजीकरण, मतदाता जागरूकता एवं आगामी 25 मई, 2024 को लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर शत-प्रतिशत मतदान किये जाने के दृष्टिगत लोगो को जागरूक किए जाने हेतु मेवालाल अयोध्या प्रसाद इण्टर कालेज सोरांव, मोतीलाल नेहरू इण्टर कालेज जमुनीपुर, पण्डित हनुमतदत्त त्रिपाठी इण्टर कालेज इस्माइलगंज सोरांव, आद्या प्रसाद इण्टर कालेज देवघाट कोरांव, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संसारपुर कोरांव, फतेहपुर बहादुरसिंह इण्टर कालेज हाटा माण्डा कोरांव, शिव जियावन इण्टर कालेज लेडियारी कोरांव, एम0आर0 शेरवानी इण्टर कालेज सलाहपुर, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संसारपुर व अन्य विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसके अतिरिक्त भारत स्काउट और गाइड प्रशिक्षण केन्द्र मम्फोर्डगंज में 7 दिवसीय एडवांस स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन शिविर संचालन के तीसरे दिवस पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्री पी0एन0 सिंह के द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गयी। इसके साथ-साथ राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय संस्कृति विभाग एवं स्वीप प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय प्रयागराज कार्यालय में किया गया, जिसमें क्षेत्रीय अभिलेखागार तथा अन्य विद्यालय के प्रवक्ताबंधु एवं आमजन सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा लोगो से अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने के लिए जागरूक किया गया।

# सर्जरी की नई टेक्नोलॉजी पर डॉक्टरों का मंथन

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** प्रयागराज में पहली बार एसोसिएशन ऑफ कोलोरेक्टल सर्जन ऑफ इंडिया, एसोसिएशन सर्जन ऑफ इंडिया के उत्तर प्रदेश चैप्टर, इलाहाबाद सर्जन एसोसिएशन एवं सर्जरी विभाग मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के द्वारा फेलोशिप कोर्स का आयोजन किया गया। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज परिसर में चलने वाले इस कार्यक्रम में देश विदेश के सर्जन शामिल हुए। अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित इस फेलोशिप कोर्स के आयोजक अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल एवं आयोजक सचिव डॉ. वैभव श्रीवास्तव हैं। इस फेलोशिप कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. वत्सला मिश्रा ने सक्रिय रुचि लेने के लिए सभी शल्य चिकित्सकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक काल में चिकित्सकों को मरीजों के इलाज के लिए इस तरह के कार्यक्रम नवीन कौशल को विकसित करने में मदद करते हैं।

**आधुनिकता की चपेट में आने से बढ़ रही परेशानी डॉ. प्रोबाल नियोगी :** एसोसिएशन सर्जन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रोबाल नियोगी ने बताया कि आधुनिकता की चपेट में आने से एनोरेक्टल रीजन की समस्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और उनके बेहतर इलाज की विधि को सीखने के लिए इससे अच्छा कोई प्लेटफार्म नहीं हो सकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि इस फेलोशिप कोर्स को करने के बाद हमारे शल्य चिकित्सक निश्चित रूप से मरीज का इलाज बेहतर और नवीन तकनीक से कर पाने में सक्षम होंगे। डॉ कुशल मित्तल ने कहा कि कोलोरेक्टल सर्जन ऑफ इंडिया, का मुख्य उद्देश्य पूरे देश के शल्य चिकित्सकों को नवीनतम तकनीक से रूबरू कराना और टेक्निकल सहयोग प्रदान करना है। कोलोरेक्टल सर्जन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा ने कहा कि इस तरह के कोर्स देश के अन्य हिस्सों में भी आयोजित किया जा रहे हैं और इस कोर्स को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दिन प्रतिदिन शल्य चिकित्सकों के समक्ष प्रेक्टिस के दौरान आने वाली प्रैक्टिकल समस्याओं का निराकरण किया जा सके। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. एसपी सिंह, यूपी एएसआई के अध्यक्ष डॉ अमित अग्रवाल, आयोजक अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ वीके पांडेय, डॉ. सुजीत सिंह, डॉ. संजय सिंह, डॉ. राजकुमार चौधरी, डॉ मयंक सिंह, डॉ, राहुल सिंह, डॉ. डी. कुमार, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. अभिनव अग्रवाल, डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. कृष्ण सिंह, डॉ. विशाल केवलानी समेत अन्य रहे।

**डाकघर बचत योजना : प्रयागराज परिक्षेत्र के डाकघरों में गत वित्तीय वर्ष में खुले 4.55 लाख नए बचत खाता**

# डाक घरों में संचालित बचत योजनाएं आज भी सर्वाधिक लोकप्रिय : पोस्टमास्टर जनरल

अखंड भारत संदेश

**महिला सम्मान बचत पत्र' में प्रयागराज परिक्षेत्र में महिलाओं ने किया 48.92 करोड़ रुपए का निवेस**



**प्रयागराज।** डाक घरों में संचालित बचत योजनाएं आज भी सर्वाधिक लोकप्रिय हैं। लोग इनमें पीढ़ी-दर-पीढ़ी निवेश करते आ रहे हैं। प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि प्रयागराज परिक्षेत्र के डाकघरों में गत वित्तीय वर्ष में 4.55 लाख नए बचत खाता खोले गए और 1.33 लाख एनएससी व केवीपी सर्टिफिकेट जारी हुए।

प्रयागराज परिक्षेत्र में कुल 22.79 लाख बचत खाते संचालित हैं, जिनमें एसबी, आरडी, टीडी, एमआइएस, पीपीएफ, सीनियर सिटीजन, सुकन्या खाते शामिल हैं।पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन की दिशा में 'महिला सम्मान बचत पत्र' और 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसी योजनायें अहम् भूमिका निभा रही हैं। आजादी के अमृत काल में महिलाओं के लिए आरम्भ 'महिला सम्मान बचत पत्र' को भी महिलाओं ने हाथों-हाथ लिया है। 1 अप्रैल, 2023 से आरंभ इस योजना में प्रयागराज परिक्षेत्र में साढ़े पाँच हजार से अधिक महिलाओं ने लगभग 48.92 करोड़ रुपए का निवेश किया है। वहीं 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' को मूर्त रूप देते हुए प्रयागराज परिक्षेत्र में अब तक कुल 3.12 लाख बेटियों के सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा चुके हैं। 26 गाँवों में 10 वर्ष तक की सभी बालिकाओं को इस योजना से कवर करते हुए इन्हें 'सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम' में भी तब्दील कर दिया गया है। गौरतलब है कि दो साल की अवधि की 'महिला सम्मान बचत पत्र' योजना लचीले निवेश और आंशिक निकासी के विकल्पों के साथ दो लाख रुपये की अधिकतम सीमा के साथ त्रैमासिक चक्रवृद्धि ब्याज 7.5 प्रतिशत का आकर्षक और निश्चित ब्याज प्रदान करती है। यह योजना 31 मार्च, 2025 तक दो साल की अवधि के लिए वैध है। इसमें न्यूनतम रुपये 1,000/- व अधिकतम रुपये 2 लाख का निवेश किया जा सकता है। वहीं, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत मात्र ?250 से 10 वर्ष तक की बेटियों का खाता डाकघर में खुलवाया जा सकता है। इसमें 8.2% ब्याज है, जो कि किसी भी लघु बचत योजना से अधिक है। यह खाता बेटियों की पढ़ाई एवं शादी के लिए एक वरदान की तरह है। आयकर की धारा 80 सी के तहत आयकर में डेढ़ लाख तक की छूट का भी प्रावधान इस खाते में है।

## साइकिल चालक ,वाहन की टक्कर से गम्भीर रूप से घायल

**मांडा।** क्षेत्र में एक साइकिल सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे युवक के सिर सहित कई जगहों पर गंभीर चोटे आई है आनन फानन में मौके पर मौजुद ग्रामीणों की मदद से प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने तुरंत इलाज के लिए शहर रेफर कर दिया। मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया निवासी नरेंद्र मिश्रा (45) पुत्र चौधरी कुमार मिश्र शुक्रवार को किसी काम से डिघिया चौराहा पार कर रहे थे कि इसी बीच प्रयागराज की तरफ से आ अनियंत्रित वाहन ने साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने तुरंत इलाज के लिए शहर भेज दिया। सूचना पर पहुचे क्षेत्र दिघिया के प्रभारी ने साइकिल को अपने कब्जे में ले लिया। मौजूद कुछ लोग अज्ञात वाहनों को कार तो मोटर साइकिल बता रहे थे।

# महाकुंभ में लगेंगी 67,000 स्ट्रीट लाइटें, बनेंगे 1,45,000 शौचालय, बनाए जाएंगे पांटून पुल

**प्रयागराज।** महाकुंभ की तैयारियों को लेकर पुराने मेला अफसरों के अनुभवों को शामिल किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को योजना भवन में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के आगे कई कुंभ मेलाधिकारियों ने प्रेजेंटेशन दिया। इसमें अधिकारियों ने अपने अनुभवों को भी साझा किया। वर्कशाप में विभागवार अधिकारियों ने महाकुंभ की तैयारियों को लेकर पुराने अनुभवों को साझा किया।बताया गया कि कुंभ के आयोजन के दौरान 4000 हेक्टेयर के मेला क्षेत्र में 67,000 स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। जबकि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 1,45,000 शौचालय, 1500 से ज्यादा साइनेज बोर्ड, 2000 टेंट और 25,000 सार्वजनिक आवासों के साथ 30 पांटून पुल बनाए जाएंगे। अधिकारियों ने इस प्रेजेंटेशन में दिखाया कि पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर 1,49,620 पौधे भी लगाए जाएंगे। बैठक में विभिन्न अधिकारियों के सुझाव भी लिए गए, जिनके आधार पर आगे की तैयारियों को अमल में लाया जाएगा। 2001 में मेला अधिकारी रहे जीवेश नंदन ने सुझाव दिया कि प्रॉजेक्ट फेज के साथ ही संचालन फेज को अलग करके देखा जाए। मेलों में अखाड़ा परिषद जैसे स्टेक होल्डर्स से भी बात की जाए और उनकी राय को भी अमल में लाया जाए।अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ.देवेश चतुर्वेदी ने 2013 में हुए कुंभ मेले का प्रेजेंटेशन दिखाया और बताया कि आपदा प्रबंधन और एयर ऐंबुलेंस जैसी सुविधाएं भी विकसित की जानी चाहिए। सुरक्षा और यातायात के संबंध में डॉ.एसएन साबत ने 2019 के कुंभ मेले से प्राप्त अनुभव साझा किए। पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया।

**एआई आधारित चैट बॉट की होगी सुविधा**

इस बार के कुंभ मेले में एआई आधारित तकनीक का भी इस्तेमाल किया जाएगा। प्रेजेंटेशन में बताया गया कि श्रद्धालुओं की मदद के लिए एआई आधारित चैट बॉट भी यहां लगाया जाएगा। इससे श्रद्धालु अपनी शंकाओं का समाधान पा सकेंगे और यहां की सुविधाओं का लाभ भी ले सकेंगे। 2025 के महाकुंभ में देश-विदेश के 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। पूर्ववर्ती मेलाधिकारियों ने अपने अनुभवों को कार्यशाला में साझा किया। इसके आधार पर कुंभमेला की तैयारियों में जुटे अफसरों को बहुत कुछ सीखने को मिला। - **विजय किरन आनंद, कुंभमेलाधिकारी।**

**ग्रीन और स्मार्ट हो महाकुंभ - मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यावरण के अनुकूल महाकुंभ को हरित और स्मार्ट बनाया जाए। तकनीक का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जाए ताकि लोगों को सहूलियत हो। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रयागराज के निवासियों को भी स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से चल रहे विभिन्न मिशनों के क्रियान्वयन के लिए भी सेंट्रल टीमों का मार्गदर्शन लिया जाए और उनके सुझावों को भी योजना का हिस्सा बनाया जाए।

# अकीदत के साथ अदा की गयी अलविदा की नमाज

## नगर की सभी मस्जिदें ठसाठस भरी रहीं, अजान होते ही भागते नजर आये रोजेदार



जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते रोजेदार।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रमजान मुबारक महीने के आखिरी जुमे (अलविदा) को रोजेदारों ने अकीदत के साथ अलविदा की नमाज अदा की। इस अवसर पर जिले की सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी जिससे मस्जिदें ठसाठस भरी रहीं। कहीं-कहीं तो नमाजियों ने जगह कम पड़ने के कारण मस्जिद के बाहर जानमाज बिछाकर नमाज अता की। इस दौरान बच्चे, जवान व बूढ़े सभी जुमे की अजान के बाद सिर पर टोपी लगाये व कुर्ता-पायजामा पहन मस्जिद की ओर भागे नजर आ रहे थे।

यूं तो हर मुसलमान अमूमन जुमे की नमाज अता करने में कोई कोताही नहीं करता लेकिन जो कुछ लोग किसी मजबूरी के तहत जुमे की नमाज अता नहीं कर पाते वे रमजान के मुबारक महीने में पड़ने वाले जुमे की नमाज को जाया नहीं जाने देते। अजान के बाद हर मुसलमान मस्जिद में दाखिल होने के बाद सुन्नत पढ़ता है उसके बाद पेशइमाम खुतबा पढ़ते हैं और फिर फर्ज नमाज पढ़ी जाती है। नगर के बेगम वार्ड, बलीपुर, भैरोपुर, आजाद नगर, सदर बाजार, पुलिस लाइन, भुलियापुर, भगवा चुंगी, चैक जामा मस्जिद सहित कई मस्जिदों में जुमे की नमाज अता की गयी। जेल रोड स्थित जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना रईस साहब ने जुमे की तकरीर में कहा कि रमजान अल्लाह तआला का महीना है। उन्होंने कहा कि शाबान के महीने में ही कुरान पाक नाजिल हुआ। उन्होंने कहा कि पैगम्बर साहब ने फरमाया कि अल्लाह तआला फरमाता है कि इस माह में अमल बढ़ा दिया जाता है। एक नेकी की दस नेकियां लिखी जाती है। यहां तक कि नेकी का सिला सात सौ गुना तक दिया जाता है। रोजे का सवाब यानी पुण्य इतना अधिक है कि उसकी हद को अल्लाह ही जानता है। पेश इमाम ने फरमाया कि इस माह की कद्र न करना गुनाह का जरिया है। इस महीने की तमाम खूबियों, रहमतों को हासिल करने के लिए मुसलमानों को हर लम्हे एहतियात करना चाहिये। नेक अमल करते हुये बुरे कामों से बचना चाहिये। नमाज के बाद नमाजियों ने मस्जिद के बाहर बैठे गरीबों के बीच जकात अदा किया।

## अलविदा की नमाज पर चप्पे-चप्पे पर तैनात नजर आई खाकी

**अखंड भारत संदेश**



मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस बल।

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रमजान माह के आखिरी जुम्मे पर शुक्रवार को अलविदा की नमाज अता की गई। सुरक्षा के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के साथ ही तहसील के प्रशासनिक अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील नजर आए। रमजान माह के 21वें दिन शुक्रवार को अलविदा की नमाज अता की गई। पट्टी में चैक पर स्थित जामा मस्जिद में जहां अकीदतमंदों ने नमाज अता की तो वहीं तहसील क्षेत्र के याहियापुर, कंजा, दफरा समेत क्षेत्र की अलग-अलग स्थान पर मस्जिदों में पहुंचकर रोजदारों ने अलविदा की नमाज अता की। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था कायम रखने को अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश सिंह, एसडीएम पट्टी देश दीपक सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार राय, कोतवाल आलोक कुमार के साथ ही प्रशासनिक अमला भ्रमणशील नजर आया। अलविदा की नमाज सकुशल अता हो जाने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

## प्रधान के भाई को फोन पर सिर काट लेने की मिल रही धमकी

### धमकी से प्रधान के परिवार में मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर निवासी एवं बेलसंडी गांव के पूर्व प्रधान के भाई अरविंद मणि त्रिपाठी बच्चन को परमी पट्टी गांव निवासी एक युवक ने सिर काट लेने की धमकी दी है। इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई तो पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी वहां से फरार हो गया। सिर काट लेने का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

पुलिस को दी गई तहरीर में अरविंद ने आरोपित किया है कि उसकी दुकान पट्टी नगर में डिग्री कॉलेज के सामने है। उनके भाई एवं पूर्व ग्राम प्रधान उदय मणि त्रिपाठी ने एक बैटरी परमीपट्टी गांव निवासी एक युवक से कुछ माह पूर्व ली थी। पूर्व ग्राम प्रधान की मृत्यु हो गई। इसी बीच बैटरी भी खराब हो गई। जब दुकानदार से उन्होंने बताया तो उसने बैटरी मंगवा ली। बाद में उसे न देने के लिए बहाने बाजी करते हुए मोबाइल से धमकी दी। इस दौरान उसके मोबाइल पर 35 बार फोन कर धमकाया गया। देर शाम इसकी शिकायत पीड़ित ने कोतवाल आलोक कुमार सिंह से की। मौके पर उप निरीक्षक के साथ पुलिसकर्मी पहुंचे। आरोपी हाथ नहीं लगा। शुक्रवार की सुबह भी पुलिसकर्मी उसकी तलाश में गए। वह गांव में एक अध्यापक के हत्या के मामले में भी आरोपी है। धमकी देने वाला युवक कुछ दिनों पूर्व ही छूट कर जेल से आया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। कोतवाल आलोक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम गई थी। वह कहीं बाहर गया है। कार्रवाई की जा रही है।

## पांच बीघा फसल जलकर हुई राख

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। चर्चा है कि किसी अज्ञात युवक ने बीड़ी पीकर फेंक दिया था।सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम व ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सब कुछ चलकर राख हो गया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के अखौवा गांव निवासी हरिशंकर के गेहूं की फसल में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। जिसमें पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। चर्चा है कोई अज्ञात आदमी ने बीड़ी पीकर फेंक दिया जिससे आग लगी। ग्रामीणों ने व फायर ब्रिगेड कर्मी के घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक फ़सल जलकर राख हो गई।

## पैसा लेकर आयुष्मान कार्ड बनाकर देने के मामले मे ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अस्थान गांव में दो युवक ग्रामवासियों को आयुष्मान बनाकर देने के लिए पैसा की उगाही कर रहे थे। मामले की जानकारी होने पर अस्थान ग्राम प्रधान युवराज साहू ने दोनो युवकों से पुछ ताछ किया तो कुछ भी सही नही बता सके मामला फर्जी पाये जाने पर दोनो युवकों को ग्राम प्रधान युवराज साहू ने नवाबगंज पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गये दोनो युवक ने अपना नाम् वीरेंद्र सोनकर निवासी बदगवा महेशगंज व भीम सरोज निवासी नेवादा खुर्द महेशगंज बताया पुलिस दोनो युवको से पूछ ताछ कर रही है।दोनो युवकों के पास फर्जी आयुष्मान बरामद किया। आयुष्मान बरामद होने पर नवाबगंज थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर ने सी एच सी अधीक्षक बाबागंज सौरभ सिंह से जानकारी किया तो बताया गया कि वीरेंद्र 31 मार्च 24 तक सविदा कर्मी था जिसकी सेवा समाप्त कर दी गई है आयुष्मान बरामद होने पर पुलिस छान बीन मे लगी हुई है।

### जनवामऊ मे अंडर ग्राउंड पक्की नाली का निर्माण कार्य पूरा

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जनवामऊ मे ग्राम वासियो की कई वर्षो से अंडर ग्राउंड पक्की नाली का निर्माण कार्य ग्राम विकास अधिकारी आफ़ताब अहमद व ग्राम प्रधान राम खेलावन पटेल ने कार्य योजना मे वजट आने पर गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए अंसारगंज मुस्लिम बस्ती मे गुरुवार को पुरा कर दिया अंडर ग्राउंड पक्की नाली का निर्माण पुरा होने पर ग्रामीणो ने ग्राम प्रधान के इस कार्य की जमकर सराहना किया। बता दे कि ग्राम पंचायत जनवामऊ मे ग्राम प्रधान द्वारा कार्य योजना मे प्रस्ताव डाल कर विकास की गाडी को रफ्तार बढ़ा दिया। गांवो की बस्ती में इंटर लाकिंग निर्माण कार्य की रफ्तार पकड़े हुए है। ग्राम पंचायत सचिव आफ़ताब अहमद व ग्राम प्रधान रामखेलावन पटेल का कहना है कि अब गांव मे विकास कार्य नही रुकेगा। गांव के जिस पुरवा मे विकास कार्य की जरूरत है उस गांव को कार्ययोजना मे डाला जा रहा है धन आवंटन होने पर विकास कार्य शुरु हो जायेगा। क्षेत्रीय विधायक व सांसद से भी जनवामऊ गांव के विकास के लिए निधि से काम कराने के लिए जनता की तरफ आग्रह करेंगे।

## पूर्व प्रबन्धक रामसिंह का निधन, जताया गया दुःख

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के असरही गांव निवासी एवं नगर के अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज के पूर्व प्रबंधक रामसिंह (85) का गुरूवार की देर रात बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। वह पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. राजा दिनेश सिंह के खांटी समर्थक भी माने जाते रहे। रामसिंह के निधन पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गहरा दुख जताया है। वहीं पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने भी स्व. रामसिंह के निधन पर परिजनों से संवेदना जतायी है। विद्या निकेतन के प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, हरदेव सिंह, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, सभासद दारा सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विनय सिंह, प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, अधिवक्ता केशवदत्त तिवारी आदि से स्वर्गीय सिंह के आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हमारी कौमी एकता दुनिया में है मुल्क की खास खूबसूरतीः प्रमोद तिवारी

### रोजा इफ्तार में विधायक मोना ने अमन व चैन का दिया पैगाम

**अखंड भारत संदेश**



रोजा इफ्तार में शामिल राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर के गांधी इण्टर कालेज के बगल सामुदायिक प्रेक्षागृह में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा रोजा इफ्तार कार्यक्रम में भारी तादात में रोजेदार जुटे दिखे। इफ्तार के पहले लोगों ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता एवं इलाकाई विधायक आराधना मिश्रा मोना के साथ मुल्क में तरक्की तथा खुशहाली की दुआ की गयी।

कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि दुनिया में हिन्दुस्तान की खूबसूरती हमारी कौमी एकता की मिसाल लिए हुए है। उन्होने कहा कि रमजान का यह महीना हमें एक साथ कदम बढ़ाते हुए मोहब्बत की ताकत पर वतन की तरक्की और इसे दुनिया में शानदार बनाये रखने की राह दिखलाता है। सांसद प्रमोद तिवारी ने रमजान के मुकददस महीने की लोगों को मुबारकबाद सौपते हुए इस बात की भी तारीफ की कि रामपुर खास में अर्से से भाईचारे की मजबूती मिसाल बनी हुई है। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि रमजान के महीने में खुदा हमारी हर नेकी को कबूल किया करता है। विधायक मोना ने कहा कि यह मौका हमें मुल्क में अमन व चैन के साथ वतन परस्ती का पैगाम दिया करता है। विशेष मेहमान पूर्व विधान परिषद सदस्य एसपी सिंह पटेल रहे। इफ्तार पार्टी में सबसे पहले शाही इमाम मो. ईसा ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की ओर से प्रमोद तिवारी को हाजी रूमाल भेंट करते हुए उनकी रहनुमाई में इलाके की कामयाबी पर लोगों से एकजुटता की बात कही।

इस मौके पर नन्हें खाँ, राजा मुन्ना, मो. इरफान, सहाबुददीन, अनवारूल हसन, अमीन अंसारी, मो. मुख्ताक, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश आदि मौजूद रहे।

# लीलावती सेनानी की मनी प्रथम पुण्यतिथि पर मरीजों को बांटे गये फल

### श्रद्धांजलि अर्पित कर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



मरीजों को फल वितरित करते लोग।

**प्रतापगढ़।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्र दत्त सेनानी की धर्मपत्नी सामाजिक कार्यकर्ता लीलावती सेनानी की प्रथम पुण्यतिथि शुक्रवार को मनाई गई। सेनानी निवास पर स्वर्गीय चंद्र दत्त सेनानी एवं स्वर्गीय लीलावती सेनानी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। गोष्ठी के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी कार्यक्रम अखिल भारतीय श्रीचंद्र दत्त सेनानी स्मारक न्यास के बैनर तले किया गया।

इस मौके पर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में मरीजों में फल वितरण भी किया गया। सभी वार्डों में फल दिया गया। फल वितरण कार्यक्रम एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमुख चिकित्सा डा.मनोज खत्री, सीएमएस डा. रीना प्रसाद ,प्रथमेश मिश्र सेनानी, साहित्यकार डा. दयाराम मौर्य रत्न, सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत नंदन ओझा, तारा सिंह, जिला पंचायत सदस्य पूनम इंसान, सामाजिक कार्यकर्ता आनंद मोहन ओझा, भाजपा नेता भास्कर दुबे, अनूप उपाध्याय, संतोष द्विवेदी, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री विनोद पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश त्रिपाठी, मुनीर अली, कमलेश सुरेश शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, अशोक श्रीवास्तव, रवि विश्वकर्मा, राम प्रताप मिश्रा, रामसूरत यादव, अवधेश मणि त्रिपाठी, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, ऋषि केसरवानी, अशोक श्रीवास्तव, राम लखन रावत, पप्पू बुंदेला आदि शामिल हुए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए वक्ताओं ने कहा कि लीलावती सेनानी एक अत्यंत निर्भीक, साहसी उदारता दया की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने कभी भी स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं किया। हर जरूरतमंद व्यक्ति की हमेशा मदद की। उन्होंने अत्यंत निर्भीकता और बहादुरी के साथ न केवल चंद्र दत्त सेनानी, बल्कि अपने पुत्र शिव प्रकाश मिश्र सेनानी के सामाजिक व राजनीतिक कार्यों में बढ़-चढ़कर के भागीदारी की। उन्होंने समाज में अबला के पर्याय को सबला में बदलने और खुद उसे रास्ते पर चलकर दूसरी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत के रूप में काम किया। श्रद्धांजलि सभा में खड़े होकर मां रहकर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# तपती गर्मी और बढ़ते तापमान मे हीटवेव से बचाव कर करें अपनों की रक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** अप्रैल माह के शुरु होते ही मानसून की तपिश इंसान और पशुवों दोनो के लिए चुनौती से कम नही है। वर्तमान समय मे तापमान का पारा 35 डिग्री सेल्यिस से अधिक होने के कारण भीषण गर्मी, गर्म हवा व लू के प्रकोप से बचाव के लिए जानकारी होना आवश्यक है। इस भीषण गर्मी, गर्म हवा व लू से अपना बचाव कैसे करें तथा सुरक्षित कैसे रहें ये अहम विषय है जिसकी जानकारी होना आवश्यक है कि हम बढ़ रहे तापमान से अपनी तथा अपनों की रक्षा कैसे करें।

गर्म हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण ले। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में या खुली जगह अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के तापमान से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें और बासी खाने का प्रयोग कदापि न करे और मादक पेय पदार्थो का सेवन कतई न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग प्रचुर मात्रा मे करें। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार मार्च से जून के मध्य/अधिक तापमान रहने की संभावना है। ऐसे में लोगों को हीटवेब से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियां कर लेनी चाहिए। हीटवेब से बचाव को लेकर जनसामान्य के बीच जागरूता अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा है।

### क्या है हीटवेव और कैसे करें इससे बचाव....

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** मौसम विभाग के अनुसार जब वातावरण का तापमाप 37 डिग्री सेल्सियस से 3-4 डिग्री अधिक पहुंच जाता है तो उसे हीटवेब या लू कहते हैं। अभी आगे गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा इसलिए गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए। जहाँ तक संभव हो सके 10 बजे के बाद से 4 बजे के मध्य यात्रा और खुले स्थान मे जाने से बचना चाहिए और पानी भरपुर मात्रा मे सेवन करना चाहिए।

## गर्म हवाएं/लू की स्थिति में क्या करें और क्या न करें

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** पर्याप्त पानी पियें-भले ही प्यास न लगी हो और खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू का पानी, छाछ आदि जैसे घरेलू पेय का इस्तेमाल करें। इसके साथ हल्के वजन, हल्के रंग के, ढीले, सूती कपड़े पहनना चाहिए, अपना सिर ढंकने के लिए कपड़े, टोपी या छतरी का उपयोग करें। अनावश्यक घर से बाहर प्रात 11 बजे से सांयकाल चार बजे तक न निकले बहुत ही आवश्यक होने पर चेहरे व सिर को ढककर ही निकले। डा राजीव त्रिपाठी अधीक्षक सीएचसी कुंडा ने बताया की गर्मी और लू के दौरान जितना संभव हो सके पेय पदार्थो का उपयोग करें व दिन के मध्यान्ह मे अनावश्यक यात्रा और खुली जगहों मे जाने से बचना ही बचाव का सबसे अच्छा तरीका है।

# न्यू सेंट जेवियर्स के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने बांधा समां

### प्रथम स्थान पाने वाले होनहारों को प्रबंधक ने दिया साइकिल

**अखंड भारत संदेश**



वार्षिकोत्सव में मौजूद छात्र-छात्राएं।

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के बंधवा बाजार में लोहिंदा मार्ग पर संचालित न्यू सेंट जेवियर्स स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बुधवार को मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक रमेश वर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद विद्यालय की छात्रा पूर्णिमा यादव और खुशी यादव ने भगवती सरस्वती की वंदना की गई।

वर्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक जायसवाल अध्यक्ष नगर पंचायत पट्टी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राम चरित्र वर्मा सभासद रमेश चंद्र सोनी राजकुमार लिपिक नगर पंचायत का स्वागत गीत से विद्यालय की छात्रा सौम्या पाल,श्रेया राजवंशी,अंकित यादव ने किया। इस दौरान विद्यालय की होनहार वैभव पटेल,मोहम्मद साहिल,आदर्श दुबे,पलक दुबे,जतिन कुमार,शिवा वर्मा,प्रिया यादव,वर्षा मिश्रा प्रथम स्थान को विद्यालय के प्रबंधक रमेश वर्मा के द्वारा साइकिल प्रदान की गई। जिसके क्रम में विद्यालय के द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आठ छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग दिया गया। तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली सभी बच्चों को लंच बॉक्स विद्यालय परिवार के द्वारा किया गया वार्षिकोत्सव यादगार बनाने के लिए विद्यालय के छात्र-छात्राओं के ने लोकमंचन के साथ गीत गायन तथा डांस का प्रोग्राम बड़े ही हर्षित मन से किया, जिसका मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर सराहना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राकेश यादव प्रधान जगदीशपुर सुनील राजवंशी सहायक अध्यापक प्रेमचंद वर्मा प्रधानाध्यापक अंगराई प्राथमिक विद्यालय रमाशंकर सिंह कोटेदार गोविंदपुर विद्यालय परिवार से बिंदु वर्मा प्रधानाचार्य सहायक अध्यापक जगन्नाथ, आफरी, पवन तिवारी, श्रवण तिवारी, अनिल वर्मा, शैलेंद्र सरोज, दीपा सिंह के साथ हजारों लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्र आयुष्मान सिंह ने किया।

# कौशाम्बी संदेश

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

अखंड भारत संदेश

### लोकसभा निर्वाचन 2024 की बैठक



**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने प्रभारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी के साथ कार्यालय कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए प्रभारी एमसीएमसी, प्रेक्षक व्यवस्था, वीडियोग्राफी व्यवस्था, स्टेशनरी एवं बूथों पर दिव्यांग शौचालय व्यवस्था के प्रभारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए जिला पंचायतराज अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग शौचालय, पेयजल एवं रैम्प आदि आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर लिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को मतदान केन्द्रों के सभी शौचालयों की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए सभी तैयारियॉ समय से पूर्ण कर लिया जाय तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम निरन्तर संचालित किया जाय, विशेषकर कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर विशेष ध्यान देते हुए व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जाय। उन्होंने वीडियोग्राफी व्यवस्था के लिए की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि समय से आवश्यकता अनुसार वीडियोग्राफी व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने प्रभारी प्रेक्षक व्यवस्था एवं स्टेशनरी व्यवस्था से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए सभी कार्यवाही समय से पूर्ण करने के निर्देश दियें इस अवसर पर प्रभारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आरओ एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में अमित सिंह गिरफ्तार

### यूपी एसटीएफ और कौशाम्बी पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 40 अभ्यर्थियों से 15 15 लाख रुपए में हुआ था सौदा तय



**कौशाम्बी।** पुलिस और यूपी एसटीएफ और को बड़ी सफलता मिली है आरओ एआरओ परीक्षा के पेपर लीक मामले में यूपी एसटीएफ और कौशाम्बी पुलिस की टीम ने अमित सिह को गिरफ्तार किया है,अमित सिह ने नकल कराने के लिए 40 अभ्यर्थियों की व्यवस्था की थी, प्रति अभ्यर्थी 15 लाख रुपए का रेट तय हुआ था,वही अभ्यर्थियों से 2- 2 लाख रुपए एडवांस भी लिया गया था।पकड़ा गया युवक अमित सिंह पूर्व में सीटीईटी परीक्षा पेपर लीक मामले में कंकरखेड़ा मेरठ से जेल भी जा चुका है,और यह मूल रूप से गोंडा जिले का रहने वाला है और पिछले कई सालों से लखनऊ में रहता है,परीक्षा के पेपर लीक मामले में गैंग के अन्य सदस्य जेल भेजे जा चुके है,लिखा-पढ़ी कर मंझनपुर थाना पुलिस ने अमित सिंह को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।

## जिला अस्पताल के पास चलने वाले एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को किया गया सीज



**कौशाम्बी।** संयुक्त जिला चिकित्सालय, मंझनपुर के समीप मानक के विपरीत संचालित अल्ट्रासाउण्ड सेंटर व एक्स-रे सेंटर से सम्बन्धित शिकायतों के दृष्टिगत मुख्य चिकित्साधिकारी से रेण्डम आधार पर प्राप्त पत्रावली जान्हवी डायग्नोस्टिक सेंटर का उप जिलाधिकारी,मंझनपुर आकाश सिंह द्वारा नोडल अधिकारी पीसी पीएनडीटी, उपायुक्त एन.आर.एल.एम. एवं बाल रोग विशेषज्ञ संयुक्त जिला चिकित्सालय के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अल्ट्रासाउण्ड सेंटर पर नियुक्त डॉक्टर रजत सचदेवा उपस्थित नहीं थे, सेंटर पर अरविन्द सिंह व 02 अन्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने अपने को अल्ट्रासाउण्ड सेंटर का स्टाफ बताया। एक महिला श्रीमती सजनी पत्नी मतूली निवासी एडहरा अपनी पुत्री मीना के साथ उपस्थित थी, पूछने पर उसके द्वारा बताया गया कि उन्होने 04 अप्रैल 24 को अल्ट्रासाउण्ड कराया था, उसकी रिपोर्ट लेने आयीं है। महिला से पूछने पर उसने बताया कि अरविन्द कुमार के द्वारा उसका अल्ट्रासाउण्ड किया गया था, जबकि अरविन्द ने पूछने पर अपनी योग्यता इण्टरमीडिएट बतायी। अल्ट्रासाउण्ड सेंटर के संचालक मो० फैज सम्पर्क करने के काफी देर बाद सेंटर पर आये, उनसे नामित डॉक्टर रजत सचदेवा का मोबाइल नम्बर लेकर उनसे पूछा गया कि वह इस अल्ट्रासाउण्ड सेंटर पर पिछली बार कब आये थे, यह सुनते ही उनके द्वारा अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया गया। संचालक के द्वारा अवगत कराया गया कि एक्सरे सेंटर की उसके पास परमिशन है, किन्तु सेंटर पर कोई भी एक्सरे-टेक्नीशियन नहीं था। निरीक्षण के दौरान जान्ह्वी अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे सेंटर पर प्रथम दृष्टया नियमों के विपरीत बिना रेडियोलाजिस्ट व टेक्नीशियन के अल्ट्रासाउण्ड व एक्सरे का संचालन पाये जाने के आधार पर टीम के द्वारा जनहित में नियमानुसार सेंटर के सीजर की कार्यवाही की गयी।

## 02 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** थाना कोखराज पुलिस उप निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु.अ.स. 45/07 धारा 356 भादवि से संबंधित वारंटी अभियुक्त गोकरण पांडेय पुत्र गुलाबचंद निवासी दरवेशपुर थाना कोखराज जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया इसी क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक संजय राम मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु.अ.स. 109/17 धारा 138बी विद्युत अधिनियम से संबंधित वारंटी अभियुक्त महताब पुत्र नसीर अहमद निवासी चक नगर कस्बा व थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कौशांबी पुलिस उपनिरीक्षक दिलीप कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अमित कुमार पुत्र गुलाबचंद निवासी बड़ा गढ़वा थाना व जनपद कौशांबी को 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस के साथ अशोक स्तंभ किला तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.स. 31/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## सीएमओ को निलंबित करने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष ने लिखा पत्र

अखंड भारत संदेश

**नियम विरुद्ध तरीके से नर्सिंग होम और क्लीनिक का संचालन हो रहा है जहां आए दिन इलाज के दौरान मौत हो रही है**

**कौशांबी।** जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशांबी पर गंभीर आरोप लगाए हैं पत्र के माध्यम से जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सीनियर चिकित्सकों की तैनाती नहीं की जाती है जूनियर चिकित्सकों को प्रभारी बनाया जा रहा है चिकित्सकों की तैनाती वरिष्ठता के आधार पर नहीं की जाती है जनप्रतिनिधियों का सम्मान ना करना मासिक धन की वसूली करना रेडियोलॉजिस्ट से वित्तीय कार्य लेना मनमानी तरीके से चिकित्सकों की तैनाती करने सहित तमाम गंभीर आरोप की शिकायतें की गई है जिला पंचायत अध्यक्ष ने पत्र के माध्यम से कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मनमानी के चलते सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस को नहीं मिल रहा है सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक मौजूद नहीं रहते हैं समाचार पत्रों में प्रतिदिन अस्पतालों की चौपट व्यवस्था के प्रकाशित खबर को संज्ञान लेकर व्यवस्था में सुधर नहीं करते हैं जिससे कौशांबी जिले की चिकित्सा व्यवस्था चौपट हो चुकी है गलत तरीके से अवैध नर्सिंग होम का संचालन हो रहा है जिनसे अवैध धन वसूली की जा रही है मुख्य चिकित्सा अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं एनएचएम घोटाला और मनमानी करने सहित तमाम गम्भीर आरोप मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर लगाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुषेन्द्र कुमार का अपने गृह जनपद के मंडल के जिले में तैनाती के मामले को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ को पत्र लिखकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कारनामे की शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच करा करके इन्हें निलंबित किए जाने की मांग की और साथ ही साथ अपने गृह मंडल के कौशांबी जिले में तैनाती के चलते इन्हें निलंबित किए जाने की मांग की है बताते चलें के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की जब से तैनाती हुई है तब से करोड़ों रुपए इनका एक खास कर्मी द्वारा वसूली की जा रही है जिससे पूरे जिले की चिकित्सा व्यवस्था चौपट है नियम विरुद्ध तरीके से नर्सिंग होम और क्लीनिक का संचालन हो रहा है जहां आए दिन इलाज के दौरान मौत हो रही है अस्पताल सीज करने के बाद उनसे वसूली करके फिर अवैध अस्पतालों का संचालन कराया जा रहा है।

## फांसी पर झूलकर युवक ने किया आत्म हत्या

### मौत के बाद परिवार में मचा कोहराम घटना स्थल पर गांव वालों की लगी भीड़



**नेवादा कौशाम्बी।** पिपरी थाना के दुगार्पुर गांव में गुरुवार की रात एक युवक ने फांसी पर झूल कर आत्महत्या कर लिया है युवक ने आखिर आत्महत्या क्यों किया है इस बात का उत्तर नहीं मिल पा रहा है जब परिजनो ने युवक को चुल्ले पर साड़ी के फंदे से लटकते देखा तो उनके होश उड़ गए हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिवार में कोहराम मच गया है और गांव वालों की भीड़ घटनास्थल पर लग गई है युवक की मौत कैसे हुई है इस पर लोगों के बीच तमाम चर्चाएं हैं लेकिन आत्महत्या किए जाने के कारण की स्पष्ट जानकारी का पता नहीं लग सका है घटनास्थल पर किसी तरह का स्टूल आदि सामान मौजूद नहीं है जिससे आत्महत्या पर तमाम चर्चाएं हो रही है जानकारी के मुताबिक जितेन्द्र मिश्रा उर्फ बब्बू उम्र 19 वर्ष पुत्र उमेश मिश्रा गुरुवार की रात घर पर मौजूद था खाने पीने के बाद परिवार के लोग सो गए और जब सुबह उठकर परिवार के लोगो ने देखा तो जितेंद्र मिश्रा का शव चुल्ले के सहारे साड़ी के फंदे से लटक रहा था युवक की मौत की जानकारी मिलते ही गांव के लोगों का घटनास्थल पर मजमा लग गया मामले की सूचना चौकी पुलिस को दी गई मौके पर स्थानीय चौकी पुलिस पहुंच गयी है पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है खबर लिखे जाने तक युवक की मौत के कारण की स्पष्ट जानकारी नही हो सकी है।

## ट्रैक्टर और आटो में भिडंत ट्रैक्टर चालक की मौत दो लहूलुहान

### हाईकोर्ट द्वारा तल्ख टिप्पड़ी के बाद भी बेखौफ तरीके से सड़कों पर दौड़ रहे ट्रैक्टर ट्राली



**कौशांबी।** पूरामुफ्ती थाना के सामने ट्रैक्टर और आटो वाहन में जोरदार भिडंत हो गई जिसमें ट्रैक्टर चालक की मौके पर मौत हो गई जबकि आटो में सवार दो अन्य लोग गंभीर घायल हो गए हैं। प्रशासनिक और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों गंभीर घायलों को इलाज हेतु एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया जहां पर घायलों का इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कोइलाहा गांव निवासी कमलेश पासी उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र राम लखन पेशे से चालक था और वह ईंट भट्ठे से ट्रैक्टर ट्राली में ईंट लादकर प्रयागराज के लिए जा रहा था जैसे ही कमलेश पासी ट्रैक्टर लेकर पूरामुफ्ती थाना के सामने पहुंचा प्रयागराज की तरफ से आ रही आटो और ट्रैक्टर में जोरदार भिडंत हो गई जिसमें ट्रैक्टर चालक कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर रोते बिलखते हुए परिजन पहुंचे लाश देखकर दहाड़े मारकर रोने लगे। दुर्घटना के बाद पूरामुफ्ती पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। आटो सवार हटवा गांव निवासी यूसुफ उम्र लगभग 12 वर्ष पुत्र जाकिर और इकरार अहमद पुत्र इस्तिखार अहमद निवासी बिहका उर्फ पूरामुफ्ती घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया जहां पर उनका सकुशल इलाज चल रहा है। हाई कोर्ट के द्वारा तल्ख टिप्पड़ी के बाद भी ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर बेखौफ तरीके से दौड़ रहे हैं जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

## बालिका के अपहरण को गुमशुदगी दर्ज करके भूल गई करारी पुलिस!



**कौशाम्बी।** गंभीर घटनाओं के खुलासे में पुलिसिया लचर व्यवस्था के चलते पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिल रहा है जिससे पीड़ित परिवार दर-दर की ठोकर खाने को विवश है ताजा मामला करारी थाना क्षेत्र के नौबस्ता म्योहर का है जहां 28 फरवरी को लवकुश की 17 वर्षीय बेटी को चंद्रसेन पुत्र बच्ची लाल मास्टर निवासी कटरी थाना पश्चिम शरीरा व दो अन्य लोगों ने जबरिया विक्रम में बैठा करके उठा ले गए लवकुश के घर में मौजूद दो छोटे-छोटे बच्चों ने घटना को अपनी आंखों से देखा और खेत में मौजूद अपनी मां को घटना की जानकारी थी मौके पर पहुंची मां ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई यदि पुलिस सचेत हो जाती तो विक्रम की घेराबंटी कर विक्रम चालक को गिरफ्तार कर लेती और उसके जरिए बालिका को ले जाने वाले आरोपियों को भी पुलिस गिरफ्तार कर लेती जिससे बालिका बरामद हो जाती घटना के चश्मदीद गवाह छोटे-छोटे बच्चों के बयान भी लेना पुलिस ने उचित नहीं समझा धीरे-धीरे घटना को 38 दिन बीत गए बालिका के ना बरामद होने पर पीड़ित परिवार के लोगों ने मामले की सूचना मुख्यमंत्री पोर्टल के जरिए मुख्यमंत्री को दी लेकिन उसके बाद थाना पुलिस ने मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर मुख्यमंत्री पोर्टल को सूचना भेज कर अपहरण की घटना में लिप्त लोगों को बचाने का प्रयास किया लेकिन इसके बाद भी अपहरण में की घटना में लिप्त लोगों की गिरफ्तारी की कोशिश पुलिस ने।नही की बालिका के बरामद न होने पर पीड़ित परिवार के लोग फिर 01 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बालिका के बरामद करने की फरियाद की पुलिस अधीक्षक ने मामले में कार्रवाई करने के निर्देश थाना पुलिस को दिया लेकिन पुलिस अधीक्षक से फरियाद करने के बाद चार दिन बीत चुके हैं और अभी तक बालिका के बरामद करने के मामले में करारी पुलिस रत्तीभर आगे नहीं बढ़ सकी है जिससे बालिका के परिजन परेशान है।

## घर में मौजूद दो छोटी बहनों को पड़ोसियों ने जमकर पीटा

### गंभीर घायल बालिका को 108 एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के शेषा गांव के सुखलाल लंबे समय से बीमार चल रहे हैं जिसके चलते उनकी पत्नी सुनीता देवी ने गुलामी पुर के एक निजी नर्सिंग होम में सुखलाल को भर्ती कराया है जहां सुखलाल का इलाज चल रहा है इसके चलते घर में सुनीता की दो बेटियां दिव्या और नेहा रहती हैं माता-पिता की गैर मौजूदगी में पड़ोसी कंचनलाल अपनी पत्नी बेटी बेटों के साथ लाठी डंडे लेकर बुधवार की रात लगभग 8:00 बजे सुनीता के घर पहुंचे और बेवजह की बहस करते हुए सुनीता की दोनों बेटियां दिव्या और नेहा को लाठी डंडे से जमकर पीट दिया है जिससे दिब्या और नेहा दोनों बेटियों को चोट आई हैं कंचन के परिवार ने दोनों बेटियों को इस कदर से पीटा कि दोनों बालिकाएं जमीन पर गिर पड़ी और लहूलुहान हो गई हो हल्ला सुनकर के आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं और गंभीर हालत में घायल दिव्या को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है मामले की सूचना करारी थाना पुलिस को दी गई है बताया जाता है कि कंचनलाल और उसके परिवार के लोग इसके पहले भी सुनीता के ऊपर हमला कर चुके हैं जिसमें ठोस कार्रवाई न होने से कंचनलाल और उनके परिवार के लोगों के हौसले बुलंद है घटना को 10 दिन के जाने के बाद भी घर में मौजूद छोटी-छोटी बालिकाओं पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी पुलिस ने नहीं की है उन पर मुकदमा दर्ज करके उन्हें जेल नहीं भेजा गया है।

## भट्ठा मजदूर और बाइक सवारों में मारपीट

**महगाव कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के काजीपुर के पास स्थित एक-एक भट्ठे में ईटा पथाई का काम करने वाले मजदूरों और बाइक से पहुंचे तीन युवकों के बीच शुक्रवार को सुबह 10 बजे जमकर मारपीट हो गई है भट्ठा मजदूरों ने बाइक सवारों को डंडे से पीट दिया है तो बाइक सवार युवकों ने भट्ठा मजदूरों को पीट दिया है जिससे दोनों पक्षों को चोट आई हैं दोनों पक्ष ने मामले की तहरीर स्थानीय थाना पुलिस को दिया है हमले में घायल एक बाइक सवार को अधिक चोट लग जाने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले भट्ठा मजदूर का कहना है कि बाइक सवार युवक उनकी बेटी के साथ छेड़खानी करने भट्ठे पर आए थे जिससे विवाद हुआ ।

## छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

### वाल पेन्टिंग के माध्यम से मतदाताओं को 20 मई को अवश्य मतदान करने के प्रति किया जा रहा जागरूक






**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय के निदेर्शानुसार एवं प्रभारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024, स्वीप के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनपद के मतदाताओं को 20 मई 2024 को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। इसी श्रृंखला में दीवारों पर मतदाता जागरूकता स्लोगन से सम्बन्धित वाल पेन्टिंग यथा-ह्लसबका यह अरमान है, करना अब मतदान है। भारत देश महान है, करते सब मतदान हैं। प्रजातन्त्र से नाता है, भारत के मतदाता हैं। आओ मिलकर अलख जगायें, शत-प्रतिशत मतदान करायें। हम अपना कर्तब्य निभायेंगे, सबसे मतदान करायेंगे।ह्व आदि के माध्यम से भी जनपद के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा हैं। स्वीप के अन्तर्गत तिलक इंटर कॉलेज कनैली, प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर एवं कम्पोजिट विद्यालय चक गुरैनी के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को 20 मई 2024 को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया। इसी प्रकार कम्पोजिट विद्यालय गौरातफारिक की छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया।

## 08 अप्रैल से 14 अप्रैल तक बन्द रहेगा भरवारी रेलबे फाटक

**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी स्थित रेलवे समपार संख्या 13बी पर पीक्यूआरएस का कार्य दिनांक 08 अप्रैल 2024 से 14 अप्रैल 2024 तक होना है, जिससे समपार, सड़क यातायात के लिए बन्द रहेंगा। यह जानकारी सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ रे.प. उ.म.रे. भरवारी ने दिया है।

## दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक जनार्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 70/24 धारा 498ए/304बी0 भादवि 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त दशवंत उर्फ लल्लन पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम पोतनिया का पूरा माजरा घासीपुर थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशांबी को पलरा सेंगराहा नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## न्यूज झरोखा

### अलविदा की नमाज और लोकसभा चुनाव को लेकर कड़ा धाम पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ किया भ्रमण



**कड़ा कौशांबी।** जिले के :कड़ा क्षेत्र के मस्जिदों में शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज को देखते हुए कड़ा धाम थाना के इंचार्ज आशुतोष सिंह ने मिलिट्री फोर्स के साथ शुक्रवार को पैदल मार्च किया साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर जनता के बीच सुरक्षा का विश्वास दिलाते हुए लोगों ने शांति और सौहार्द बनाए जाने की अपील की। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई है जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कड़ा धाम थाना इंचार्ज आशुतोष सिंह ने मिलिट्री फोर्स के साथ कई गांवों व कस्बों में पैदल मार्च किया। लोगो से शांति से जुमे की नमाज अदा कराने के बाद अपने-अपने घर जाने अपील की उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कोई अहिंसा फैलाएगा तो उसके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### झंडापुर और भटपुरवा में अलविदा जुम्मा की नमाज पढ़ी गई



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** सिराथू क्षेत्र के झंडापुर, भटपुरवा, ननमई, शहजादपुर सहित आसपास के गाँव में माह-ए-रमजान के आखिरी शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा की गई। झंडापुर और भटपुरवा की मस्जिदों में अल्लाह की इबादत में रोजेदारों के सिर झुके और मुल्क की बेहतरी के लिए दुआ मांगी। अलविदा की नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। झंडापुर के मुस्लिम आबादी वाले गाँव में सुबह से ही अलविदा जुमा की तैयारी शुरू हो गई। झंडापुर की जामा मस्जिद को आकर्षक ढंग से सजाया गया। दोपहर को गाँव के लोगो ने मस्जिदों में जाकर नमाज अदा की। और नए कुर्ता पायजामा पहनकर छोटे छोटे बच्चे भी जुमा अलविदा की नमाज में शामिल हुए। और नमाज अदा करने के बाद पेश इमाम और नमाजियों ने मुल्क की सलामती, अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी। नमाज पढ़कर मस्जिद से निकलने के बाद लोगों ने एक दूसरे से मिलकर मुबारकबाद भी दी। झंडापुर, भटपुरवा ,ननमई, शहजादपुर में आखरी जुमा - की नमाज अदा की गई पुलिस चौकी टेढ़ी मोड़ शहजादपुर प्रभारी अपने पुलिस बल के साथ प्रत्येक जगह मुस्तैद रह कर भ्रमण करते रहे।

### 2 घरों में लगी आग,नकदी गृहस्थी जलकर खाक



**अझुवा कौशांबी।** सिराथू तहसील के ग्राम सभा केन में संदिग्ध परिस्थितियों में दो पड़ोसी घरों में आग लग गई जिससे घर में रखा गृहस्थी का सामान और नकदी जलकर खाक हो गया। घटनाक्रम के मुताबिक सूरज प्रसाद पुत्र स्वर्गीय सहदेव होरीलाल पुत्र छोटेलाल केन ग्राम सभा के निवासी हैं यह दोनों लोग मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं बीती गुरुवार शाम अचानक सूरज प्रसाद और होरीलाल के घर में आग लग गई उनके परिजन मेहनत मजदूरी करने दूसरों के खेतों में गए हुए थे आग के सूचना पर पहुंचे तो ग्रामीणों की मदद से ट्यूबवेल तालाब के पानी से किसी तरह आग पर काबू पाया तब तक सूरज प्रसाद का चार बोरी गेहूं ,चारपाई ,कपड़ा गृहस्थी का सामान एवं दामाद के लिए रखा हुआ 15 हजार रुपए जलकर खाक हो गया इसी प्रकार होरीलाल के घर में गेहूं मटर बांस बल्ली और होरीलाल के अनुसार जालौन से मजदूरी कर 35 हजार रुपए लाकर घर में रखा था वह भी जलकर खाक हो गया होरी लाल की पत्नी सूरज कली घर से नकदी निकालने के चक्कर में झुलस गई जिसे परिजन उपचार करवाया है।सूचना पर तहसील सिराथू के अंकित एवं लवलेश लेखपाल तहसील प्रशासन के साथ मौका मुआयना कर क्षति के आकलन में जुट गए हैं।

### सेवानिवृत शिक्षक रावेन्द्र सिंह के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित



**कौशाम्बी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय जुवरा सिराथू के परिसर में प्रधानाध्यापक रवींद्र सिंह द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक रावेन्द्र सिंह के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रमोहन सिंह पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी और विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र पटेल खण्ड शिक्षा अधिकारी रहे और कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सिंह द्वारा किया गया। रावेन्द्र सिंह ने शिक्षकों से अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए सभी शिक्षकों को छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होने की प्रेरणा दी। प्राथमिक शिक्षक संघ कौशाम्बी के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता बल्कि अनुभव अर्जित करने पश्चात वह समाज के निर्माण में अमूल्य योगदान देता है। रावेन्द्र भैया आदर्श व्यक्तित्व के स्वामी है, हम सभी शिक्षकों को आपसे बहुत सीखने को मिला है तथा ईश्वर से प्रार्थना है कि आपका आगामी जीवन में स्वस्थ और आनंदपूर्वक व्यतीत हो। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नेवादा प्रमोद सिंह, सिराथू ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर शरण सिंह, सरसवा ब्लॉक अध्यक्ष विनय सिंह, मंत्री आलोक सोनी,कुशल सिंह,शंकर दयाल सिंह,राम हरी सिंह , जिला समन्वयक वीरेंद्र कुमार व धर्मेन्द्र पटेल , एस. आर. जी. कौशाम्बी ओमप्रकाश सिंह, अभिषेक सिंह,भीम प्रकाश, योगेन्द्र सिंह,मार्तण्ड सिंह,अनुराग सिंह, गौरव सिंह,आदि शिक्षक पदाधिकारी और शिक्षक ने प्रतिभाग किया।

### लोहे की गोमती का ताला तोड़कर सामान उठा ले गए चोर



**कौशाम्बी।** पुलिस चौकी मूरतगंज के सामने से ट्रक चोरी का मामला अभी ठंडा नहीं पड़ा है कि कोखराज थाना के सामने ही लोहे की गोमती के शटर का ताला तोड़कर चोरों ने घटनाओं को अंजाम दिया है दस हजार रुपए का सामान चोरी कर ली गयी है सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। कोखराज थाना के सामने भरवारी रोड पर मथुरा प्रसाद मौर्य ने पान की गोमती में दुकान खोल रखी है दुकान में पान के सामान के साथ अन्य सामानों की भी बिक्री वह करते हैं प्रतिदिन की तरह गुरुवार की रात में मथुरा प्रसाद अपनी दुकान बंद कर घर चले गए सुबह जब आस पास के लोगो ने दुकान का ताला टूटा देखा तो हड़कंप मचा गया लोगो ने मथुरा प्रसाद और पुलिस को इसकी सूचना दी।

### सूने घर के दरवाजे की कुंडी काट कर नगदी जेवर समेत लाखों कर दिया पार

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर गांव में गुरुवार रात चोरों ने सूने घर के दरवाजे की कुंडी काट कर चोरों ने नगदी जेवर समेत लाखों रुपये का समान पार कर दिया। सुबह पड़ोसियों ने ताला टूटा देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने गृहस्वामी को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद परिजन बदहवास हालत में घर पहुंचे। घर में बिखरा सामान देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची थाना पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के झूंसी थाना अंतर्गत मनकापुर मजरा अंदावा निवासी अरुण कुमार साहू की ससुराल चरवा के शेखपुर रसूलपुर गांव में है। वह अपनी पत्नी गुड़िया साहू के साथ ससुराल में ही रहकर किसानी करते है। अरुण ने बताया कि गुरुवार को घर में ताला बंद कर मनकापुर में एक निमंत्रण में शामिल होने के लिए परिवार के साथ गए थे। रात में चोर घर के दरवाजे की कुंडी काट कर कमरे में घुस गए। कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखा दो हजार रुपया नकद, सोने की जंजीर, अंगूठी, आधा किलो चांदी के जेवरात, बर्तन, सिलाई मशीन, कपड़ा समेत लगभग डेढ़ लाख रुपये का सामान पार कर दिया। सुबह उठने पर पड़ोसियों ने घर के दरवाजे की कुंडी कटी देखी तो उनके होश उड़ गए। पड़ोसियों ने फोन के माध्यम से घटना की जानकारी अरुण को दी। जानकारी मिलने के बाद परिजन बदहवास हालत में घर पहुंचे। वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

## संपादक की कलम से

# गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल का राजनीति में और मजबूत होकर उभरना निश्चित

इंडिया अगेंस्ट करप्शन अभियान आम आदमी पार्टी के गठन का अग्रदूत था, जो एक साल से अधिक समय बाद हुआ, और इसने केजरीवाल के राजनीति में प्रवेश को चिह्नित किया। भ्रष्टाचार विरोधी योद्धा और वह व्यक्ति जो व्यवस्था को बदलना चाहता था, अब व्यवस्था के अंदर था।

यह सच है कि अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। पंजाब में आप की अप्रत्याशित जीत और हाल में ही उनकी गिरफ्तारी के बाद उनकी राजनीतिक लोकप्रियता और अधिक ऊंचाई पर पहुंच गई है। दिल्ली में आप-कांग्रेस गठबंधन को आगामी चुनावों में आसानी से जीत हासिल करने की उम्मीद है।

उनके बढ़ते दबदबे से भाजपा जाहिर तौर पर चिंतित है। आगामी लोकसभा चुनाव में केजरीवाल दिल्ली और पंजाब के अलावा अन्य राज्यों में भी कदम रख सकते हैं। उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित प्रतीत होती है। उनकी गिरफ्तारी दिल्ली के मुख्यमंत्री को और अधिक शक्तिशाली बना सकती है क्योंकि उन्हें देश भर के लोगों की सहानुभूति मिलना निश्चित है। कोई नहीं जानता कि उनके खिलाफ आरोप सही हैं या नहीं, लेकिन चुनाव में उनके प्रति सहानुभूति एक कारक होगा।

5 अप्रैल, 2011 की सुबह, जंतर-मंतर से सटी एक गली-राजधानी का विरोध स्थल-जन लोकपाल कानून की मांग के लिए इंडिया अगेंस्ट करप्शन के अभियान के शुभारंभ के लिए एक छोटी सी भीड़ एकत्र हुई थी (जो आने वाले दिनों में बहुत बड़ी संख्या होने वाली थी)। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे - आंदोलन का चेहरा-अपनी भूख हड़ताल शुरू करने के बाद एक ऊंचे मंच पर बैठे थे। मंच के किनारे पर खड़ा एक व्यक्ति सुर्खियों से दूर रहने को उत्सुक था।

जब मीडियाकर्मी जानकारी के लिए मूंछों वाले छोटे कद के व्यक्ति के पास पहुंचे, तो वह मंच से कूद गये और अभियान के बारे में गंभीरता से बात की। ये शख्स थे आंदोलन के सूत्रधार अरविंद केजरीवाल। केजरीवाल उस समय तक पहले से ही एक प्रसिद्ध पारदर्शिता कार्यकर्ता और मैग्सेसे पुरस्कार विजेता थे, फिर भी राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञात नहीं थे। वह बड़े पैमाने पर बदलने वाला था।

इंडिया अगेंस्ट करप्शन अभियान आम आदमी पार्टी के गठन का अग्रदूत था, जो एक साल से अधिक समय बाद हुआ, और इसने केजरीवाल के राजनीति में प्रवेश को चिह्नित किया। भ्रष्टाचार विरोधी योद्धा और वह व्यक्ति जो व्यवस्था को बदलना चाहता था, अब व्यवस्था के अंदर था।

सीमापुरी की भीड़भाड़ वाली गलियों में एक कमरे के कार्यालय से काम करने वाले एक उत्साही कार्यकर्ता से लेकर स्वतंत्र भारत के सबसे प्रभावशाली आंदोलनों में से एक को चलाने और फिर 2013 में दिल्ली में सबसे चौंकाने वाली चुनावी जीत दर्ज करने तक, यह केजरीवाल के लिए एक तीव्र परिवर्तन था। उनकी पार्टी ने पंजाब में जीत हासिल की और उनकी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया। यह विपक्षी इंडिया गठबंधन के सबसे प्रमुख सदस्यों में से एक है, और वह इसके सबसे अच्छे पहचाने जाने वाले चेहरों में से एक हैं।

हालांकि, पिछले दशक में केजरीवाल के कई हमवतन इंडिया अगेंस्ट करप्शन अभियान में शामिल हुए परन्तु उनमें से अनेक, जो आप के संस्थापक सदस्य भी थे, ने आन्दोलन के मूल मुद्दे के साथ कथित तौर पर किये गये समझौतों के कारण या तो उन्हें छोड़ दिया या रास्ते से हट गये या खुद को आम आदमी पार्टी से किनारे या बाहर कर लिया।

केजरीवाल को 2020 में दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों पर अपने रुख के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। आलोचकों ने कहा कि वह संतुलन बनाने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे थे और इस मुद्दे से निपटने में विफल रहे। अक्सर पूछा जाने वाला एक प्रश्न केजरीवाल और उनकी पार्टी की विचारधारा के बारे में है, और इसका कोई स्पष्ट उत्तर नहीं है। उन्होंने कहा है कि वह महात्मा गांधी से प्रेरित हैं और उनके उदाहरण का अनुसरण करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने अक्सर कहा है कि उनकी विचारधारा कट्टर राष्ट्रवाद है और लोगों की समस्याओं को कम करने के लिए काम कर रही है।

उनकी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा हटाने के पक्ष में मतदान किया। 2020 के दिल्ली चुनावों में, उन्होंने भगवान हनुमान के प्रति अपनी भक्ति की घोषणा करके नागरिकता संशोधन अधिनियम के पारित होने और इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में भाजपा द्वारा स्थापित सांप्रदायिक बारूदी सुरंगों पर बातचीत की। हालांकि, पार्टी नेताओं का कहना है कि केजरीवाल या अन्य आप नेताओं द्वारा अपनी हिंदू पहचान रखने में कुछ भी गलत नहीं है। इस पर उन्होंने कहा था कि इसका मतलब यह नहीं है कि वे मुस्लिम विरोधी हैं।

## चांद के लिए भी स्टैंडर्ड टाइम तय करेगी नासा

अमेरिका की सरकार ने अपनी अंतरिक्ष एजेंसी नासा से कहा है कि वह चांद और अन्य आसमानी जगहों के लिए भी एक स्टैंडर्ड टाइम बनाए. यानी अब चांद का अपना मानक समय होगा.

व्हाइट हाउस ने नासा के वैज्ञानिकों से कहा है कि चांद की घड़ी का समय तय किया जाए. धरती के इस उपग्रह पर पहुंचने की तेज होती होड़ के बीच 2026 तक यह समय तय करने के लिए कहा गया है, जिसे कोऑर्डिनेटेड लूनर टाइम (एलटीसी) कहा जाएगा.

समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक एक्सक्लूसिव खबर के मुताबिक व्हाइट हाउस के विज्ञान और तकनीकी नीति विभाग (ओएसटीपी) की ओर से एक नोटिस जारी किया गया है. इसमें नासा से कहा गया है कि सरकार के अन्य संबंधित मंत्रालयों के साथ मिलकर 2026 तक एलटीसी के लिए एक योजना बनाई जाए.

**चांद और धरती की घड़ी अलग**

एलटीसी एक मानक समय होगा जो चांद पर जाने वाले उपग्रहों और यानों के लिए मानक समय तय करेगा. प्रक्षेपण के लिए एकदम सटीक समय की जरूरत होती है. ओएसटीपी की प्रमुख आरती प्रभाकर की ओर से जारी इस नोटिस में कहा गया है कि चांद पर खड़े किसी व्यक्ति के लिए धरती के समय पर आधारित घड़ी में हर रोज 58.7 सेकेंड का अंतर आ जाएगा. इसलिए धरती और चांद का समय एक जैसा नहीं होगा.

चांद पर टाइम धरती जैसा नहीं हो सकता क्योंकि वहां गुरुत्वाकर्षण और अन्य कई कुदरती प्रभाव अलग तरह से काम करते हैं. इसलिए जैसे धरती पर वक्त गुजरता है, वैसे चांद पर नहीं होता. नासा के स्पेस कम्यूनिकेशंस और नेविगेशन चीफ केविन कॉगिन्स ने एक इंटरव्यू में कहा, "जो घड़ी हम धरती पर इस्तेमाल करते हैं, वह चांद पर अलग गति से चलेगी.ह्व

कॉगिन्स ने कहा, "वॉशिंगटन में यूएस नेवल ऑब्जरवेटरी में रखी एटॉमिक घड़ी के बारे में सोचिए. वह देश की धड़कन है, जिसके हिसाब से सब कुछ चलता है. आपको चांद क लिए भी एक ऐसी ही धड़कन चाहिए.

नासा आने वाले सालों में चांद पर मानव बस्ती बनाने की दिशा में काम कर रही है. अपने आर्टेमिस मिशन के तहत जल्दी ही वह इंसान को चांद पर भेजने की तैयारी में है. नासा का मकसद वहां एक अड्डा बनाना है जहां से मंगल पर अभियान भेजे जा सकेंगे. इसके अलावा दर्जनों देश और निजी कंपनियां भी चांद पर पहुंचने की इस होड़ में शामिल हो चुके हैं, जिनमें भारत भी शामिल है जिसने पिछले साल अपना चंद्रयानचांद पर उतारा था.

**चांद पर एटॉमिक घड़ी**

ओएसटीपी के एक अधिकारी ने कहा कि एक मानक समय के बिना अंतरिक्ष यानों के बीच डेटा का लेन-देन और पृथ्वी, चांद का चक्कर लगाते उपग्रहों व अंतरिक्ष यात्रियों के बीच संवाद में मुश्किलें आ सकती हैं. टाइम के ऊपर-नीचे होने के कारण चांद पर या उसके आस-पास मौजूद उपग्रहों की स्थिति का पता लगाने में भी गड़बड़ियां हो सकती हैं.

इस अधिकारी ने कहा, "कल्पना कीजिए कि अगर दुनिया की घड़ियों में एक दूसरे के साथ तालमेल ना होता और वे एक वक्त पर एक ही जैसा टाइम ना दिखातीं तो जिंदगी कितनी चुनौतीपूर्ण हो जाती।

# कांग्रेस का बोझ हल्का हुआ



मुक्केबाज विजेंद्र सिंह, अर्थशास्त्र के प्रोफेसर गौरव वल्लभ और पूर्व पत्रकार एवं राजनेता संजय निरूपम, ये तीन नाम बुधवार से लेकर गुरुवार तक चर्चा में छाए रहे। इस चर्चा के पीछे कारण एक ही है कि तीनों ने कांग्रेस छोड़ दी है। चुनाव के वक्त दल-बदल अब आम बात हो गई है। इसलिए इन तीन लोगों का एक पार्टी को छोड़ना बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात यह है कि इन लोगों ने कांग्रेस को छोड़ते वक्त जो तर्क दिए, वो बेहद कमजोर हैं। विजेंद्र सिंह भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ मूंछों पर ताव देकर कदमताल करते दिखे थे। वे लगातार राहुल गांधी को समर्थन वाले ट्वीट किया करते थे और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की तीखी आलोचना किया करते थे। 2019 में विजेंद्र सिंह ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी और उन्हें दक्षिण दिल्ली से उम्मीदवार बनाया गया था, जहां वे चुनाव हार गए थे। फिर भी कांग्रेस में उन्हें सम्मान के साथ जगह मिली रही। मंगलवार तक भाजपा की खिल्ली उड़ाने वाले ट्वीट विजेंद्र कर रहे थे और कुछ घंटों बाद बुधवार को उन्होंने भाजपा का भगवा गमछा अपने गले में डलवा लिया। इसके बाद एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मैं सो गया और जब सुबह उठा तो मेरे को लगा कि गलत प्लेटफॉर्म पर हूं।

भारतीय जनता पार्टी में आइए और यहां से सही दिशा में जाएंगे। उनके इस बयान का अब खूब मजाक भी उड़ रहा है कि सोकर उठने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि वे गलत पार्टी में हैं। लेकिन यहां मजाक से परे एक गंभीर सवाल यह है कि चार साल तक जिन्हें भाजपा सरकार की गलतियां नजर आती रहीं, एक रात में ऐसा क्या हुआ कि विजेंद्र सिंह ने पाला बदल लिया। विजेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं और जब महिला पहलवानों ने भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आवाज उठाई तो उनके लिए इंसाफ की मांग विजेंद्र सिंह ने भी की। लेकिन अब भाजपा में जाने के बाद विजेंद्र सिंह का मानना है कि भारत के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान-सम्मान मोदी सरकार में आने के बाद मिला है। विजेंद्र सिंह सोकर उठते ही भाजपा में नहीं गए, बल्कि उनके विचार भी रातों-रात बदल गए।

वैचारिक बदलाव का ऐसा ही उदाहरण गुरुवार को भी सामने आया, जब अर्थशास्त्र के प्रोफेसर गौरव वल्लभ ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए पार्टी की सदस्यता छोड़ी और कुछ घंटों में भाजपा के मुख्यालय जाकर भगवा गमछा गले में धारण कर लिया। विजेंद्र सिंह की तरह ही संसद में जाने की नाकाम कोशिश गौरव वल्लभ कर चुके हैं। एक नहीं दो बार दो राज्यों से कांग्रेस ने उन्हें मौके दिए, लेकिन वे सफल नहीं हुए।

गौरव वल्लभ की कांग्रेस में रहते हुए एक बड़ी उपलब्धि यही रही कि एक ट्रिलियन में कितने शून्य होते हैं, इस सवाल पर उन्होंने भाजपा को बुरी तरह घेरा था। इस सवाल के कारण गौरव वल्लभ खूब सुर्खियों में आए और इसके बाद चैनलों की कई बहसों में उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता के तौर पर मजबूती से पक्ष रखा। कुछ वक्त पहले कांग्रेस छोड़ने वालों की पोल खोलते हुए उन्होंने कहा था कि जिन्हें लुटियन्स दिल्ली में बंगला और राज्यसभा की सदस्यता चाहिए वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाते हैं।

उन्होंने तब भी राहुल गांधी के लिए कहा था कि श्री मोदी को राहुल गांधी ही चुनौती दे सकते हैं, उनसे सीधे सवाल कर सकते हैं। अब गौरव वल्लभ का कहना है कि उन्हें सनातन के विरोध में नारे लगाने वालों से आपत्ति है और साथ ही जिस तरह वेल्थ क्रिएटर्स यानी देश को समृद्ध करने वालों पर सवाल उठाए जा रहे हैं, वो भी उन्हें सही नहीं लगता।

गौरव वल्लभ के दिए इन कारणों को सुनकर साफ समझ आता है कि उन्हें जातिवार जनगणना और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस की सोच से तकलीफ हो रही है। सवर्णों के दबदबे वाली मानसिकता अक्सर ऐसी तकलीफ की शिकायत करती है, क्योंकि उसके मुताबिक देश की पूंजी और अवसरों पर अधिकार जताने की आजादी निचले तबकों को नहीं है।

कांग्रेस में पूर्व सांसद संजय निरूपम को भी तकलीफ हो रही थी और वे लगातार पार्टी के विरोध में बयान दे रहे थे। उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष ने छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। मगर गुरुवार को उन्होंने जिस तल्खी के साथ अपनी बातें रखीं, उनसे समझ आता है कि वे भी जल्द ही एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं। संजय निरूपम पहले शिवसेना में थे, बाद में कांग्रेस में गए और इस बीच पत्रकारिता करने के साथ-साथ वे बिग बॉस जैसे रियलटी शो का हिस्सा भी बने। 2014 और 2019 में कांग्रेस की टिकट पर उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा और दोनों बार हार गए, लेकिन तीसरी बार वे उत्तर-पश्चिम मुंबई से अपने लिए टिकट चाहते थे, जबकि यहां महाविकास अगाड़ी में शामिल शिवसेना के नेता अमोल कीर्तिकर को टिकट मिली है। अगर संजय निरूपम को टिकट मिल जाती तो शायद उन्हें कांग्रेस के राम मंदिर पर लिए गए स्टैंड या उसकी संरचना और कार्यप्रणाली से तकलीफ नहीं होती। लेकिन अब संजय निरूपम बता रहे हैं कि कांग्रेस में एक नहीं पांच शक्ति केंद्र हैं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और के सी वेणुगोपाल और इन सभी का नाम लेते हुए बेहद अभद्र टिप्पणियां संजय निरूपम ने की हैं।

दो दिन में तीन लोगों के कांग्रेस छोड़ने को भाजपा समर्थित पत्रकार कांग्रेस में भगदड़ की तरह पेश कर रहे हैं और बता रहे हैं कि कांग्रेस कितनी कमजोर हो चुकी है। कांग्रेस के अंत की अनंत भविष्यवाणियां की जा चुकी हैं और शायद आगे भी होती रहेंगी। लेकिन हकीकत ये है कि जिन तीन लोगों ने अभी कांग्रेस छोड़ी है, वे खुद हारे हुए नेता रहे हैं, किसी का मजबूत जनाधार नहीं रहा है। एक तरह से वे कांग्रेस पर बोझ ही थे। लेकिन अब कांग्रेस नेतृत्व को निरीक्षण-परीक्षण कर लेना चाहिए कि ऐसे और कितने बोझ कांग्रेस को दबाए हुए हैं और उनसे जल्द से जल्द छुटकारा पा लेना चाहिए।

# गुलाबी आंकड़े, झुलसाती सच्चाई

**- अरविन्द मोहन**

अपनी अर्थव्यवस्था को भी यह मर्ज लगा हुआ दिखता है लेकिन न तो शासन को होश है न जानकार लोग ही इसका शोर मचा रहे हैं। सुनहरे आंकड़ों के बीच बड़ी कंपनियों में लगातार यह चिंता पसर रही है कि उनका माल खपत नहीं हो रहा है। और इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि शहरी और अमीर लोगों की जरूरत वाली कुछ चीजों की मांग तो बढ़ी है लेकिन आम उपभोक्ता और ग्रामीण इलाकों में मांग नहीं बढ़ी है।




चुनाव पास आते ही आकर्षक आंकड़ों की बारिश शुरू हो गई है। और मामला सिर्फ बीते साल, महीने या तिमाही के आंकड़ों का नहीं है, अगले साल से लेकर 2047 में भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने तक के हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने अगले साल के लिए जीडीपी में आठ फीसदी का विकास दर बता दिया है। अभी हाल के समय तक आंकड़ों का खेल ऐसा नहीं था। विदेश व्यापार और औद्योगिक उत्पादन में एक महीने उतार दिखता था तो किसी महीने चढ़ाव। विदेश व्यापार का घाटा कभी रिकार्ड स्तर पर दिखता था तो कभी आयात कम होने से काफी कम। एक गरीबी के ही आंकड़े को लीजिए तो की तरह के आंकड़े हाजिर हैं, जबकि असलियत यही है कि सरकारी स्तर पर आंकड़े जुटाने का काम मनमाने ढंग से हो रहा है। अगर तस्वीर गुलाबी न दिखे तो आंकड़े रोके भी जा रहे हैं और उसके जरा भी अच्छे हिस्से को शोर मचाकर बताया जाता है। हमारे जीवन के निर्वाह और आर्थिक हैसियत को बताने वाली लगभग तीन दर्जन सूचनाओं से लैस जनगणना का काम रोका हुआ है जबकि इसमें अभी ही पांच साल की देरी हो चुकी है। विश्व युद्ध और महामारी में भी न रुकी जनगणना अब क्यों रोकी गई है इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है। खैर।

इन बातों से जो धनात्मक बातें हैं उनका महत्व काम नहीं होता। जीएसटी का संग्रह और भविष्य निधि कोष के सदस्यों की संख्या निरंतर बढ़ती गई है जिसे सरकार अपनी उपलब्धि ही नहीं रोजगार बढ़ाने के वायदे को पूरा करने की तरह पेश कर रही है। मोदी राज के ज्यादा समय पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत कम रही है और सरकार ने उस अनुपात में आम उपभोक्ताओं को राहत न देकर मोटा राजस्व जमा किया जिसका उपयोग-दुरुपयोग क्या हुआ यह हिसाब भी साफ नहीं है। असल में बजट का अनुशासन अब सिर्फ कहने की चीज रह गई है और नोटबंदी जैसा फैसला भी एक आदमी की मर्जी से ही लिया गया। इससे बड़ी बात है कि पूरी दुनिया कोविड से उबरने के बाद आर्थिक रूप से पुरानी स्थिति में आने की कोशिश कर रही है। इसमें अमेरिका काफी हद तक सफल हुआ है तो चीन और यूरोप अभी भी संकट में दिख रहे हैं। वहां असली समस्या लोगों में उपभोग का स्तर गिरना है जिससे कुछ देशों की अर्थव्यवस्था के बैठने का खतरा बन गया है। न सामान बिक पा रहा है न रोजगार मिल रहा है। रोजगार कम हों तो क्रय शक्ति कम होगी और सामान कम बिकेगा तो अर्थव्यवस्था की रोजगार पैदा करने की शक्ति घटेगी। हमारी अर्थव्यवस्था ने ठीक-ठाक वापसी की है। लेकिन कुछ बड़ी बीमारियां हैं जो पीछा नहीं छोड़ रही हैं।

दुर्भाग्य से अपनी अर्थव्यवस्था को भी यह मर्ज लगा हुआ दिखता है लेकिन न तो शासन को होश है न जानकार लोग ही इसका शोर मचा रहे हैं। सुनहरे आंकड़ों के बीच बड़ी कंपनियों में लगातार यह चिंता पसर रही है कि उनका माल खपत नहीं हो रहा है। और इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि शहरी और अमीर लोगों की जरूरत वाली कुछ चीजों की मांग तो बढ़ी है लेकिन आम उपभोक्ता और ग्रामीण इलाकों में मांग नहीं बढ़ी है। यह फासला भी बढ़ता जा रहा है। जो लोग इस विरोधाभास पर नजर रखे हुए हैं वे अपने हिसाब से कुछ कारण और समाधान भी बताते हैं लेकिन चुनाव जीतने भर की चिंता वाली सरकार को इन पर ध्यान देने का होश नहीं लगता। वह इस बात से खुश है कि वर्ष 2023-24 में जीएसटी कलेक्शन 20 लाख करोड़ से पार हो गया है।

यह एक आत्मघाती आंकड़ा और मोह है। असल में इसका उत्पादन बढ़ाने से रिश्ता नहीं है। भूमंडलीकरण आने और आईटी के प्रसार से अब काफी सारा कारोबार अनौपचारिक क्षेत्र से निकल कर औपचारिक बनता जा रहा है। छोटे कारोबारी और दूकानदारों का कर के और औपचारिक अर्थव्यवस्था में आना स्वागत योग्य बदलाव है पर आनलाइन कारोबार के देहात तक पहुंचने से कितनी दूकानें बंद हुई हैं या कितने छोटे धंधे वालों की आमदनी कम हुई है यह हिसाब नहीं है। जिस तरह छोटे किसान कमाई कम होते जाने पर भी खेती से चिपके रहते हैं उसी तरह इन लोगों के पास भी उसे धंधे में बने रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। बेरोजगार नौजवानों की फौज सुबह छह बजे से रात दस बजे तक कूरियर सेवा देने, ई- रिक्शा चलाने और इसी तरह के कम आमदनी वाले काम करने में होड़ लगाए हुए हैं। पेंशन, प्रॉविडन्ट फंड और दूसरी सुविधाएं कौन मांगेगा जब न्यूनतम मजदूरी मांगने का होश नहीं है। कानून होने के बावजूद खुद सरकार मनरेगा में लाखों लोगों से न्यूनतम मजदूरी डर से काम पर काम कराती है तो बाकी पर कानून कौन लागू कराएगा?

सेंटर फार मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनामी के अनुसार वर्ष 2023-24 में 27.9 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ। पिछले साल यह आंकड़ा 38.96 लाख करोड़ रुपए का था। सरकार इसे इठलाते हुए पेश करती है लेकिन अनेक लोग इस आंकड़े को हमारी अर्थव्यवस्था की बुनियादी बीमारी से जोड़ते हैं। अगर विकास का स्तर साल में सिर्फ सात फीसदी हों और निवेश का स्तर जीडीपी के 30 से 35 फीसदी पर आ जाए तो जाहिर है लोग पेट काटकर निवेश कर रहे हैं। उपभोग का स्तर तो चार से पांच फीसदी भी नहीं बढ़ता। और इस पर तुर्रा यह कि राष्ट्रीय आय में श्रम का हिस्सा निरंतर गिर रहा है।

माना जाता है कि हमारे यहां महामारी की तुलना में आज करीब डेढ़ करोड़ ज्यादा मजदूर खाली बैठे हुए हैं। पूंजी आए और श्रम का हिस्सा कम होता जाए यह विरोधाभासी विकास तब ज्यादा अच्छी तरह समझ आता है जब हम समाज के एक छोटे हिस्से की बड़े घर, बड़े फ्लैट, बड़ी कार, महंगे सौन्दर्य प्रसाधन, विदेश भ्रमण, बाहर भोजन वगैरह के खर्च को देखें। फिर समझ आता है कि बाहर छूटे बड़े हिस्से के जीवन में और ज्यादा कठिनाई क्यों आती जाती है। अरबपतियों की संख्या बढ़ाना बुरा नहीं है लेकिन देश के करोड़ों लोगों के जीवन में जहर घोलकर नहीं।

# चुनाव अभियान : दिलों में नफरतें हैं अब!

**ऋषभदेव शर्मा**

भारत लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव मनाने की तैयारी कर रहा है। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव, देश के भविष्य को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। चुनाव प्रचार अभियान शुरू हो चुके हैं, लेकिन इस बार, ये अभियान उग्रता और नकारात्मकता से भरे हुए प्रतीत हो रहे हैं। राजनीतिक दलों द्वारा एक दूसरे पर निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं, और व्यक्तिगत हमले आम होते जा रहे हैं।

यह उग्रता और नकारात्मकता देश के लिए चिंता का विषय है। यह एक ऐसी दुष्प्रवृत्ति है जो लोकतंत्र की भावना को कमजोर करती है और मतदाताओं में नकारात्मकता फैलाती है। राजनीतिक दलों को समझना होगा कि चुनाव केवल सत्ता हासिल करने का खेल नहीं है, बल्कि इससे देश का भविष्य भी निर्धारित होता है।

चुनाव प्रचार अभियानों में उग्रता और नकारात्मकता के कई कारण हैं। इनमें प्रमुख है राजनीतिक दलों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा। 2024 के चुनावों में कई क्षेत्रीय दल भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इससे राजनीतिक दलों में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है, और वे एक दूसरे पर हावी होने के लिए नकारात्मक रणनीति का सहारा ले रहे हैं। साथ ही सोशल मीडिया की दिगंतव्यापी उपस्थिति ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। दरसअल, सोशल मीडिया ने राजनीतिक दलों के लिए नकारात्मक प्रचार फैलाना आसान बना दिया है। वे सोशल मीडिया का उपयोग झूठी खबरें फैलाने और एक दूसरे की छवि खराब करने के लिए कर रहे हैं। इसके अलावा कुछ राजनीतिक नेताओं ने उग्र आक्रमण को ही अपना चरित्र बना लिया है। वे जानबूझकर अपने भाषणों और कृत्यों में अभद्र और उत्तेजक भाषा का प्रयोग करते हैं। उनके अनुयायी भी उनका अनुकरण करते हैं, जिससे चुनाव प्रचार अभियान में नकारात्मकता बढ़ जाती है।

इस प्रवृत्ति को सब चलता है कहकर चलते रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। क्योंकि इसके परिणाम राजनीति ही नहीं समूचे समाज के लिए बहुत घातक हो सकते हैं। चुनाव प्रचार अभियानों में उग्रता और नकारात्मकता किसी संक्रामक रोग की तरह है। इससे मतदाताओं में भी नकारात्मकता और निराशा फैलती है। वे चुनावों में भाग लेने से भी हिचकते हैं। कहना न होगा कि इससे लोकतंत्र कमजोर होता है। और लोगों का राजनीतिक व्यवस्था में विश्वास उठ जाता है। यानी, यह नकारात्मकता देश को अराजकता की ओर धकेलती है। सामाजिक तनाव और ध्रुवीकरण को बढ़ावा देती है, सो अलग!

चुनाव प्रचार में बढ़ती जा रही इस नकारात्मकता की अवांछनीय प्रवृत्ति को रोकने के लिए सबसे जरूरी है कि सभी राजनीतिक दल आचार संहिता का पालन करें। चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के लिए आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी सजा का प्रावधान करना चाहिए। इसी तरह, सोशल मीडिया मंचों को भी नकारात्मक प्रचार और झूठी खबरों को फैलने से रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। और सबसे अहम बात यह कि मतदाताओं को भी जागरूक होना चाहिए और नकारात्मक प्रचार से प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्हें चुनावों में भाग लेने और योग्य उम्मीदवारों को चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

यह समय है कि हम सब मिलकर देश को इस नकारात्मकता से बचाएँ। जनता को राजनीतिक दलों से माँग करनी चाहिए कि वे चुनाव प्रचार अभियानों में सकारात्मकता और सभ्यता का प्रदर्शन करें। क्योंकि यह केवल राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी नहीं है, यह देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि लोकतंत्र को मजबूत करें और देश के भविष्य को सुरक्षित बनाएँ। अंततः कुँअर बेचैन के शब्दों में इतना और कि-

*दिलों में नफरतें हैं अब, मुहब्बतों का क्या हुआ?
जो थीं तेरे जमीर की अब उन छतों का क्या हुआ??
कि जिनमें सिर्फ.प्यार की हिदायतें थीं ऐ कुँअर;
वो मंत्र सब कहाँ गए उन आयतों का क्या हुआ?? 000

# भारत को विश्वगुरु बनाने को है ये लोस चुनावः प्रकाश पाल

## सांसद/प्रत्याशी बोलेः वे भी हैं कार्यकर्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा ने 48 बांदा लोकसभा क्षेत्र के साइबर योद्धाओं के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण विजय संकल्प के साथ अपना बूथ जीतने को संकल्पित हो। ये चुनाव भारत को विश्व गुरू बनाने का चुनाव है।

गुरुवार को देर शाम तक जिला मुख्यालय के वृन्दावन गार्डन में साइबर योद्धाओं के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रकाश पाल ने कहा कि हर कार्यकर्ता अपने बूथ पर आरके सिंह पटेल बनकर चुनाव में योगदान करे। हर बूथ पर सबको 370 वोट बढाना है। हर बूथ में घर-घर जाकर जन-जन से सम्पर्क करना है। उन्होंने साइबर योद्धाओं से कहा कि सबके प्रयास से भारत माता के माथे से कलंक का टीका धारा 370 हटाया गया है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे, वन्दे भारत ट्रेने, पहाड़ी में डिफेंस कॉरीडोर, राम-वन-गमन पथ, श्रीराम की जन्मभूमि में भव्य दिव्य मंदिर मतदान से ही बनता है। मोदी का संकल्प है कि नारी शक्ति का सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, किसान विकास, युवाओं के सपनो को पूरा करना मोदी का मंत्र है। सबका साथ-सबका विश्वास-सबका प्रयास- सबका विकास। साइबर योद्धाओं से कहा कि जिन लोगों ने राम भक्तों पर गोली चलवाई, राम के आस्तित्व को नकारा है। ऐसे लोगो के खिलाफ जन-जन से आग्रह करना है- जाके प्रिय न राम वैदेही, ताको वोट कदापि न देहि। प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड जन-जन के सामने है।



सम्मेलन में बोलते प्रकाश पाल।

साइबर योद्धा सम्मेलन में सांसद/लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कहा कि वे भी आपकी तरह भाजपा के कार्यकर्ता है। ये चुनाव कार्यकर्ताओं के सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। सबके साथ वे भी मोदी के हांथो को मजबूत करने को प्रयासरत हैं। सम्मेलन में स्वागत-भाषण भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने दिया। आभार बांदा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने जताया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि हमीरपुर-फतेहपुर-बांदा लोकसभा क्लस्टर प्रभारी /भाजपा-चित्रकूट जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव, बांदा लोस प्रभारी ब्रजकिशोर गुप्ता, कर्वी विधानसभा प्रभारी आशुतोष तिवारी, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, लोकसभा सह संयोजक शिवशंकर सिंह, विधानसभा संयोजक/जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, उम्मीदवार प्रमुख शक्ति प्रताप सिंह तोमर, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# भीषण हादसे की आड में छोटे वाहन मालिकों को न करें परेशानः विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-35 जिला मुख्यालय के पास अमानपुर गांव में भीषण सड़क हादसे में दो अप्रैल को सवेरे साढे पांच बजे बेकाबू गिट्टी लदे डम्फर व ऑटो की भिडंत में सात ऑटो सवार लोगों की मौत हो गयी थी। घटना बेहद दुभाग्यपूर्ण व दुखद थी।

शुक्रवार को विधायक अनिल प्रधान ने डीएम-एसपी को लिखे पत्र में कहा कि घटना के बाद छोटे वाहनों सीएनजी ऑटो, ई-रिक्शा, ऑटो आदि वाहनों को पुलिस निशाना बना रही है। सैकड़ों छोटे वाहनों के सभी कागजात होने के बाद भी लगातार सीज व चालान किये जा रहे हैं। ये छोटे गरीब लोग इन वाहनों से रोजी-रोटी चलाते हैं। घटना की आड़ में इन ऑटो रिक्शा, सीएनजी ऑटो व छोटे वाहनों को निशाना बनाना दुभाग्यपूर्ण है। इस कार्यवाही से गरीबों का शोषण व परेशान करना ठीक नहीं है। जांच हो रही है तो बड़े वाहनों की जांच क्यों नहीं हो रही। विधायक ने कहा कि ऑटो, ई-रिक्शा, सीएनजी ऑटो व छोटे वाहनों को तीन दिनों से लगातार चालान व सीज किया जा रहा है। विधायक ने मानवीय दृष्टिकोण से ऐसे वाहन मालिकों को चेतावनी देकर अथवा छोटा अर्थदंड लगाकर रियायत देते हुए वाहनों को छुड़वाने की कार्यवाही को कहा है।



सदर विधायक अनिल प्रधान।

## गुहराज निषाद की धूमधाम से मनाई जयंती

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के मकरी पहरा गांव में सृष्टि रचयिता महर्षि कश्यप व भगवान गुहराज निषाद की जयंती पर मकरी पहरा में प्रधान सरनाम सिंह, पंचायत सहायक उमेश कुमार, बृजेश सिंह, अर्जुन कश्यप व पवन निषाद ने दीप जलाकर नमन किया। उनके जीवन पर प्रकाश डाला। पवन निषाद ने बताया कि अपने समाज को आगे बढ़ाना है तो सब लोगों में एकता होनी चाहिए। एक-दूसरे को सहयोग करना चाहिए, ताकि समाज एकजुट हो, तभी समाज की इज्जत होगी। इस मौके पर भैरों रैकवार, देवराज निषाद, चुनकावन निषाद, मुंशी निषाद, राममिलन निषाद, राजेंद्र निषाद, रामकुमार निषाद, अर्जुन कश्यप, रामनरेश निषाद, राजाराम निषाद, रामसनेही रैकवार, उमेश चंद्र रैकवार, राजू सिंह, असगर अली आदि मौजूद रहे।

# आग से दस बीघा की फसल हुई स्वाहा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** बराहमाफी बडा पुरवा बंधा नीचे खेतों में अज्ञात कारणों से लगी आग से दस बीघा गेहूं की फसल राख हो गई।

शुक्रवार को खेतों में लगी आग से रामखेलावन पुत्र सीताराम आरख की तीन बीघा गेहूं फसल, सुन्दरलाल पुत्र चुनबाद पाल की तीन बीघा गेहूं, बलराम पुत्र राजाबली कुशवाहा की दो बीघा गेहूं, भैरव प्रसाद पुत्र रामभवन धोबी की एक बीघा गेहूं फसल, सहसराम पुत्र हीरालाल यादव की एक बीघा गेहूं फसल जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण ज्ञात नहीं हो सका। खेतों में खडी फसल में आग लगने से घटना स्थल का मुआयना पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद द्विवेदी ने किया। उन्होंने किसानों को भरोसा दिया कि प्रशासन से कहकर मुआवजा दिलाने के प्रयास किये जायेंगे।



मुआयना करते पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष।

# मतदान का प्रतिशत बढाने को बीईओ ने दिये निर्देश

## जागरूक करने को तिथियां की निर्धारित

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव में ब्लाक मऊ में पोलिंग बूथ विद्यालयों के प्रधानाध्यापक की बैठक खंड शिक्षा अधिकारी ने बीआरसी में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के तहत की। बैठक में मतदाता जागरूकता बाबत तिथियां निर्धारित की। पोलिंग बूथ पर मूलभूत सुविधायें देने को एक सप्ताह में पूरी कर प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिये।

शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी मऊ ने वरिष्ठ सहायक व संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की मौजूदगी में विधानसभा चुनाव 2022 में 55 फीसदी से कम मतदान वाले बूथों पर प्रत्येक दस बूथों पर गठित टीम से बूथ स्तर पर चुनाव पाठशाला से बैठक कर डोर-टू-डोर जागरूकता स्टीकर चस्पा कर प्रचार-प्रसार 12 अप्रैल तक पूरे करने के निर्देश दिये। दिव्यांग मतदाता को जागरूक कर बूथों पर दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाओं के प्रचार-प्रसार कर मतदान को प्रेरित करने का कार्य पांच अप्रैल तक पूरा करना है। 23 अप्रैल से 15 मई तक प्रत्येक बूथ पर सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने को संबंधित बूथ के बीएलओ प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों, आंगनबाड़ी, आशा, रोजगार सेवक, पंचायत मित्र व गांव के संभ्रांत नागरिकों का सहयोग लेते हुए चुनाव पाठशाला कर मतदान का महत्व बताते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदान को प्रेरित करना है।



बैठक में निर्देश देते खंड शिक्षाधिकारी।

एक मई को लोकतंत्र का रंगोत्सव मनाया जाये। समस्त बूथ में संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक की मदद से जागरूकता बाबत वॉल पेंटिंग व रंगोली बनानी है। 23 अप्रैल को प्रत्येक प्राथमिक/उच्च प्राथमिक-माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक, प्रधानाध्यापक, विद्यालयों में पढने वाले छात्र-छात्राओं की डायरी में संकल्प पत्र नोटकर माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर कराये जायेंगे। चार से 25 मई तक प्रत्येक स्कूलों में पढने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों साथ बैठक कर मतदान को प्रेरित कर मतदान अवश्य करने का संकल्प कैनवास पर हस्ताक्षर अभियान चलायेंगे।

## 15 लीटर महुआ शराब समेत एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देजनर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा की अगुवाई में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय की टीम ने प्रदीप कुमार पुत्र प्रेम सिंह बसिला के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय व सिपाही राममूरत मिश्रा शामिल रहे।

## पुलिस ने दबोचा एक वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा इमरान खान ने आबकारी अधिनियम के वारंटी सखन सोनकर पुत्र छेदीलाल सोनकर बाबाघाट राजापुर को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा इमरान खान, सिपाही शुभम मिश्रा शामिल रहे।

# एसपी के निर्देश पर दस पर गुण्डा-पांच पर मिनी गुण्डा एक्ट से मची खलबली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले दस लोगों के खिलाफ गुण्डा व पांच के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही हुई है।

शुक्रवार को कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने श्रवण कुमार उर्फ शिवम प्रजापति पुत्र रमेश कुमार पुरानी बाजार ईदगाह के पास, रवि कुमार पुत्र श्यामजी सरोज शत्रुघ्नपुरी, दिनेश कुशवाहा पुत्र शिवनारायण यादव का पुरवा सीतापुर, सोनू पुत्र बच्चा यादव छेछरिया, अन्नू उर्फ अनूप पयासी पुत्र स्व रसिक बिहारी पुरानी बाजार पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।



एसपी अरुण कुमार सिंह।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने विनोद तिवारी पुत्र रामसजीवन तिवारी गड़ौली, चन्दा पुत्र बुद्धमान अतरौलीमाफी पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय ने उपदेश उर्फ उदेग्य पुत्र प्रेमचन्द्र त्रिवेदी, मयंक त्रिपाठी पुत्र संतोष कुमार त्रिपाठी, करन पुत्र प्रेमचन्द्र द्विवेदी यमुना रोड़ गायत्री नगर मऊ पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने विनय पुत्र हेतलाल, रामबाबू पुत्र जवाहरलाल सिगवां मजरा कोटा कंदैला, बड्डू पुत्र संतोष सोनकर इन्द्रानगर, धनंजय उर्फ छोटू पुत्र गेंदालाल चमरौंहा हालपता शिवनगर, बाराती कोल पुत्र मंगू गोविन्दनगर पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।



पुलिस गिरफ्त में गांजा तस्कर।

# 11 किलो 620 ग्राम गांजा समेत कर्वी पुलिस ने एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव में मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने गांजा तस्कर को 11 किलो 620 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया।शुक्रवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा राहुल पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली कि गांजा तस्कर गांजा लेकर मऊ की ओर जा रहा है। दरोगा की टीम ने खोह रेलवे क्रासिंग के पास आशीष सिंह पुत्र गया प्रसाद पटेल निवासी लबेद खंडेहा थाना मऊ के कब्जे से 11 किलो 620 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। बरामद गांजा की कीमत तकरीबन एक लाख 40 हजार रुपये आंकी गई है। टीम में दरोगा राहुल पाण्डेय, दरोगा राजीव सिंह, सिपाही नीतू द्विवेदी, राहुल देव, पवन राजपूत व बहोरन सिंह शामिल रहे।

# 42 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को मतदान को सीडीओ ने दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोस चुनाव में 20 मई को मतदान के दिन मतदान प्रतिशत बढ़ाने को स्वीप के तहत विभिन्न स्तरों से प्रचार-प्रसार को आज विकास भवन सभागार में स्ववित्त पोषित माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक में सीडीओ अमृत पाल कौर ने कहा कि चुनाव आयोग के महत्वपूर्ण कार्य में सभी की भागीदारी जरूरी है। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्रायें जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गई है, वे मतदाता नहीं बन सके, उनका फॉर्म छह भराकर बीएलओ से मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लें।

शुक्रवार को सीडीओ कार्यालय सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने कहा कि जिससे नये मतदाता मताधिकार का प्रयोग कर सकें। जिन विद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लबों का गठन न हुआ हो, वे गठन कर निर्धारित कार्ययोजना अनुसार छात्र-छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता पर निबंध, भाषण, क्विज, रंगोली, मेंहदी, चित्रकला प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक कर युवा मतदाता व छात्र-छात्राओं से अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक करें। प्रतिदिन प्रार्थना स्थल पर मतदान के महत्व बाबत छात्र-छात्राओं को बतायें, ताकि वे घरों में चर्चा करें। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, शिक्षक सुरेश प्रसाद समेत 42 विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देती सीडीओ।

## चलती बाइक से गिरी महिला की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र में चलती बाइक से महिला की गिरने से हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये हादसा शुक्रवार को हुआ। बताया गया कि मवईखुर्द की कमला देवी पति के साथ बहन को देखने सेमरदहा जा रही थी। मऊ थाना क्षेत्र में चलती मोटरबाइक से गिर गई। गिरने के बाद लहूलुहान होने पर उसे एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इलाज दौरान उसने दम तोड़ दिया। महिला के पति रामस्वभाव ने बताया कि वह जैसे ही गांव से चले मऊ के आगे हाईवे पर अचानक गिर गई। गिरने से सिर पर गंभीर चोंट आने से बेहोश हो गई। एंबुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में भर्ती कराया। महिला के तीन बच्चे हैं। तीनों की शादी हो चुकी है। तीनों बाहर नौकरी कर गुजर-बसर कर रहे हैं। इस बाबत मऊ थानाध्यक्ष अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि सूचना पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।



मर्चरी में बैठे परिजन।

# अलविदा जुमाः मुल्क की सलामती की मांगी दुआ, बाजारों में रही रौनक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रमजान माह की अलविदा जुमे की नमाज पढ़ने को भारी भीड़ उमड़ी। प्रत्येक मस्जिद में सवेरे से रोजेदार की भीड़ रही। मस्जिद में रमजान माह की फजीलत व खूबियां बयान की गईं। गुनाह से तौबा कर ज्यादा से ज्यादा इबादत करने पर जोर दिया गया, बाजार में भी खासी रौनक रही।

रमजान का पाक माह चल रहा है। मुस्लिम बाहुल्य इलाव में इस माह की अलविदा जुमे की नमाज के लिए शुक्रवार को सैकड़ रोजदारों ने मस्जिद में जाकर शिदद्त से नमाज पढ़ी। कई मस्जिद में भीड़ इतनी हो गई कि लोगो को बाहर सड़क पर बैठकर नमाज पढ़नी पड़ी। हाफिज मुजीब ने बताया कि रमजानुल मुबारक का महीना बरकत व बेइन्तहा इनायत का महीना है। खुद अल्लाह ताला का इरशाद गिरामी है कि रोजा जरूरी है। रमजान माह में रोजेदार को भूख व प्यास की तड़प का एहसास कराता है। रोजेदार को त्याग और कुर्बानी का भी एहसास कराया जाता है।

रमजान माह तीन असर में पूरा होता है। रहमत, मग, फिरत व निजात को होते है। आखिरी असरे में एक महत्वपूर्ण रात शबेकद्र की होती है। इस रात मुस्लिम मस्जिद में रात भर जागकर अल्लाह ताला से गुनाहों की माफी मांगते हैं। नमाज अदा कर दुवायें भी मांगी जाती हैं। रमजान का महीना इबादत की गरज से मुस्लिम को लिए सबसे माकूल माना गया है। इसी माह रमजान शरीफ में पवित्र कुरान शरीफ का अवतरण हुआ। इबादत को महीने में अल्लाहताला सबका गुनाह माफ करते हैं। जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज मद्दलाना शाकिद, कजियाना मस्जिद में हाफिज अब्दुल रहमान, नूरानी मस्जिद में मुफ्ती सलाहुद्दीन, गद्दसिया मस्जिद में हाफिज ऐनुल हक और तरवीह की चार मजिस्द में मुकामी इमामों ने नमाज अदा कराई। इसी प्रकार सीतापुर समेत ग्रामीण क्षेत्रं में अलविदा जुमा नमाज को सम्पन्न कराने को जिला प्रशासन ने चौकस व्यवस्था कर रखी थी। जिले में शान्तिपूर्ण ढंग से अलविदा की नमाज सम्पन्न हुई। इस दोरान प्रशासनिक व पुलिस अफसर बराबर जायजा लेते रहे। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मस्जिदों के बाहर व चौराहों पर भारी पुलिस बल तैनात रही। इस पर मो अरसद खान, निजामुद्दीन, मो. रसीद उर्फ चीनी, म रहीश, आमिर फारुकी, मो. सलीम, मुस्ताक अहमद, मो. हाजी इब्राहिम, रज्जब अली, हबीब खान, सरफराज अहमद, सुनील, करामत, फिर ज, आरिफ खान, अदनान खां, शहंशाह, जावेद खान, इफ्तिखार अहमद, मो. रहीस राईन, शहजादे, अबरार आदि मौजूद रहे। पालिका परिषद को ई. ने साफ-सफाई की चौकस व्यवस्था कराई थी।



जामा मस्जिद में नमाज पढ़ते नमाजी।

# सिडनी हवाईअड्डे पर शर्मनाक हरकत, फ्लाइट में महिलाओं के सामने यात्री ने कप में किया पेशाब

**एपी, सिडनी।** सिडनी हवाईअड्डे पर एक फ्लाइट के यात्री की शर्मनाक हरकत सामने आई है। फ्लाइट में एक यात्री ने कप में पेशाब कर दिया। विमान में देरी के दौरान यात्री ने कप में पेशाब किया था और उसके उतरते ही उसपर कार्रवाई हुई।

**एयर न्यूजीलैंड की उड़ान में की हरकत**

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना, पिछले दिसंबर में ऑकलैंड से 3 घंटे की एयर न्यूजीलैंड की उड़ान में हुई थी और सिडनी की एक अदालत ने फरवरी में ऐसे व्यवहार के लिए 53 वर्षीय व्यक्ति पर 600 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का जुमार्ना लगाया था।

**15 वर्षीय बच्ची की मौजूदगी में की हरकत**

यह घटना लोगों के ध्यान में तब आई, जब न्यूजीलैंड की समाचार




वेबसाइट स्टफ ने बताया कि उसी पंक्ति में एक महिला यात्री, जिसकी पहचान होलव के रूप में हुई, उसने बताया कि उसने एयर क्रू को इस व्यवहार की सूचना दी थी।

महिला यात्री ने कहा कि वह और उसकी 15 वर्षीय बेटी सब सीट पर बैठी थीं, तभी खिड़की वाली सीट पर बैठा व्यक्ति एक कप में पेशाब कर रहा था।

**अटेंडेंट पर पेशाब गिरा दिया**

स्टफ की रिपोर्ट के अनुसार, होलव ने कहा कि विमान लगभग 20 मिनट तक टर्मिनल गेट आवंटित होने के इंतजार में खड़ा रहा, तभी उसने एक कप में यात्री के पेशाब करने की आवाज सुनी। उसने कहा कि वह आदमी साफ तौर पर नशे में था और विमान से बाहर निकलते ही उसने एक फ्लाइट अटेंडेंट पर पेशाब गिरा दिया। हालांकि, अटेंडेंट के साथ हुई दुर्घटना उसने जानकर नहीं की थी। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने एक बयान में कहा कि अधिकारियों ने उसे विमान से उतार दिया, क्योंकि उसने अपनी सीट पर रहते हुए एक कप में पेशाब कर दिया था। एयर न्यूजीलैंड ने कहा कि वह व्यक्तिगत घटनाओं पर टिप्पणी नहीं करता है। बता दें कि नशे सहित गलत व्यवहार के लिए हर महीने पांच से 10 यात्रियों पर एयरलाइन प्रतिबंध लगाता है।

## अमरीका के एक मंदिर में 11 साल के बच्चे को गर्म सरिये से दागा, पिता ने मुकदमा दर्ज कर मांगा एक मिलियिन डॉलर मुआवजा



**पीटीआई, ह्यूस्टन।** यूएसए के टेक्सस में एक 11 साल के बच्चे को गर्म सरिए से दागने के मामले में एक हिंदू मंदिर और उसके मूल संगठन पर बच्चे के पिता ने केस कर एक मिलयिन डॉलर मुआवजे की मांग की है।

फोर्ट बेंड काउंटी में रहने वाले विजय चेरुवु ने कहा कि पिछले साल अगस्त में टेक्सास के शुगरलैंड में श्री अष्टलक्ष्मी हिंदू मंदिर में एक धार्मिक समारोह के दौरान उनके बेटे को गर्म लोहे की छड़ से दागा गया था।

फोर्ट बेंड काउंटी में दायर मुकदमे के अनुसार, बच्चे को बहुत दर्द और स्थायी विकृति का सामना करना पड़ा, जिसमें बच्चे के पिता चेरुवु मंदिर और उसके मूल संगठन, जीयर एजुकेशनल ट्रस्ट (जेईटी) यूएसए, इंक. के खिलाफ मुकदमे में 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति की मांग कर रहा है।

**पिता का दावा- मंदिर में 100 लोग थे मौजूद**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बच्चे के पिता ने कहा कि घटना को लेकर वे हैरान थे और उन्हें नहीं पता था कि वे इसे कैसे हैंडल करे। उनकी पहली प्राथमिकता बच्चे के स्वस्थ्य होने को लेकर थी। पिता ने कहा कि उनके बेटे के कंधे पर भगवान विष्णु की आकृत में दो भागों पर उसे दागा गया।

मुकदमें में पिता ने दावा किया कि मंदिर में सेरेमनी के दौरान 100 लोगों ने भाग लिया, जिसमें उनके बेटे समेत तीन बच्चे भी शामिल थे।

**बच्चे को दागने के बाद हुआ इंफेक्शन**

चेरुवु के अटॉर्नी (वकील) ने ब्रांट स्टॉन्गर ने कहा कि बच्चे को दोनों कंधो पर दागा गया है, जिससे उसे काफी दर्द और स्थायी विकृति हुई से गुजरना पड़ा। वहीं, इसके कारण उसे इंफेक्शन भी हुआ।

अटॉर्नी ने आगे कहा कि बच्चा अपनी मां के साथ कार्यक्रम में शामिल हुआ था, जहां इच्छा के विरुद्ध उसे दागा गया और इसके लिए उसके पिता से भी अनुमति नहीं ली गई न उन्हें इसकी जानकारी दी। ब्रांट स्टॉन्गर के अनुसार, टेक्सास में परिजनों की अनुमति के बाद भी बच्चों को दागना, उन पर टेटू गोदना और डराना गैर कानूनी है।

**स्टोगनर ने कहा,**

"यह मूल रूप से हमारे पीठ पीछे हो रहा है, यही कारण है कि हमने मुकदमा दायर किया है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारी कम्यूनिटी इसके बारे में जागरूक हो और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ऐसा किसी और के साथ न हो।"

**बच्चे का बयान,**

मुझे इतना आश्चर्य हुआ। मुझे नहीं पता था कि ऐसा कुछ होने वाला है, जब उन्होंने इसे मेरे कंधे पर किया तो मैं हैरान रह गया और मुझे इतना दर्द हुआ कि मैं लगभग रो पड़ा।

वे जानते थे कि उन्होंने जो किया वह बहुत गलत था, क्योंकि उन्होंने मुझसे इसे बाकी सभी से गुप्त रखने के लिए कहा था। लेकिन जब दर्द बढ़ गया और यह संक्रमित हो गया तो मुझे अपने पिता को बताना पड़ा।

चेरुवु ने बताया कि उनके बेटे को उनकी पूर्व पत्नी मंदिर ले गई थी, जहां बेटे को दागा गया, लेकिन उसकी मां को नहीं।

**चेरुवु के पिता ने कहा,**

"वह (बच्चा) एक चिकित्सक के पास जाता है। वह बहुत गहरे सदमे में है, मानसिक रूप से डरा हुआ है।"

मंदिर से संपर्क किया गया तो लगातार कॉल या ईमेल का कोई भी जवाब नहीं मिला।

## अब यूपीआई के जरिए आप कर सकेंगे कैश डिपॉजिट, दास ने किया ऐलान

**मुंबई।** अब आप ज्ल्द ही यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए नकदी जमा करने वाली मशीन में कैश डिपॉजिट कर पाएंगे। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा की घोषणा करने के दौरान यह ऐलान किया।

शक्तिकांत दास ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बैठक की समीक्षा पेश करते हुए कहा ह्यह्यएटीएम में यूपीआई के जरिए कार्ड-रहित नकद निकासी से प्राप्त अनुभव को देखते हुए यूपीआई का उपयोग करके नकदी जमा करने वाली मशीन (सीडीएम) में पैसा जमा करने की सुविधा भी प्रदान करने का प्रस्ताव है।

# अमेरिका का कड़ा रुख देख इजराइल इरेज क्रॉसिंग खोलने पर सहमत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के बाइडेन प्रशासन ने गुरुवार देरात कहा कि इजराइल गाजा में सहायता के लिए इरेज क्रॉसिंग खोलने पर सहमत हो गया है। यह कदम एन्क्लेव में गंभीर मानवीय संकट पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की बढ़ती निराशा को कम करने के उद्देश्य से प्रतीत होता है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली सरकार ने बाइडेन प्रशासन के इस बयान पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। यह बयान राष्ट्रपति बाइडेन की प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ तनावपूर्ण फोन कॉल के कुछ घंटों बाद आया। कॉल के दौरान बाइडेन ने इजराइल से कहा कि भविष्य में समर्थन इस



पर निर्भर होगा कि गाजा में मानवीय स्थिति के बारे में उनकी चिंता को किस नजरिये से देखता है।

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन के आग्रह पर इजराइल ने उत्तरी गाजा में सहायता की पहुंचाने के लिए इरेज क्रॉसिंग को खोलने, एन्क्लेव में सीधी सहायता के लिए अशदोद बंदरगाह का उपयोग करने और जॉर्डन से डिलीवरी में उल्लेखनीय वृद्धि करने पर सहमति व्यक्त की है। प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा है कि क्रासिंग को तत्काल खोलने की जरूरत है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इजराइल की युद्ध कैबिनेट ने उपायों को मंजूरी देने के लिए स्थानीय समयानुसार शुक्रवार सुबह निर्णय लिया। यह जानकारी टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार ने भी अपनी वेबसाइट पर साझा की है। इस अखबार के अनुसार, इरेज क्रॉसिंग और अशदोद बंदरगाह के अस्थायी उपयोग की अनुमति दी गई है। यह बंदरगाह इजराइल के भू-मध्य सागरीय तट पर गाजा से लगभग 16 मील उत्तर में स्थित है।

## बाइडेन ने नेतन्याहू से कहा, गाजा में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होने पर ही मिलेगा अमेरिका का समर्थन




**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि गाजा में नाागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होने पर ही अमेरिका इजराइल का समर्थन करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने वहां सामान्य स्थिति के लिए तत्काल युद्धविराम का भी आह्वान किया। स्पेनिश अमेरिकी शेफ और रेस्तरां मालिक जोस एंड्रेस के वर्ल्ड सेंट्रल किचन के छह सहायता कर्मियों की हत्या पर दुनिया भर में बढ़ते आक्रोश के बीच दोनों नेताओं ने फोन पर बात की। बातचीत के दौरान राष्ट्रपित बाइडेन ने इस बात पर जोर दिया कि मानवीय कार्यकताओं पर हमले को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने नागरिकों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए ठोस उपाय करने की बात कही। अमेरिकी नेता ने यह भी कहा कि निर्दोष नागरिकों की रक्षा के लिए गाजा में तत्काल युद्धविराम आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री से नेतन्याहू से बंधकों को तत्काल मुक्त कराने के लिए बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए भी कहा। गौरतलब है कि हाल के दिनों में अमेरिका और इजराइल के बीच संबंधों में गिरावट आई है, क्योंकि नेतन्याहू ने युद्ध के बारे में अमेरिका की चिंताओं की नजरअंदाज कर दिया है। इजराइल पर लगाम लगाने के लिए बाइडेन को घरेलू स्तर पर दबाव का सामना करना पड़ रहा है। चुनावी वर्ष में इसकी अनदेखी करना उनके लिए राजनीतिक दृष्टि से जोखिम भरा हो सकता है। 30 मिनट की बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजराइल के राष्ट्रपति नेतन्याहू से गाजा में युद्ध रोकने और नागिरकों की रक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

## म्यांमार में लोकतंत्र समर्थकों ने कई जगह ड्रोन से हमला किया

**बैंकॉक।** म्यांमार के लोकतंत्र समर्थक मुख्य प्रतिरोध समूह ने गुरुवार को दावा किया कि उसकी सशस्त्र इकाई ने हवाई अड्डे और राजधानी नेपीटा में एक सैन्य मुख्यालय पर ड्रोन हमले किए। सत्तारूढ़ सेना ने कहा कि उसने ड्रोन को नष्ट कर दिया।

विपक्षी राष्ट्रीय एकता सरकार के ह्णरक्षा मंत्रालयह्व ने बयान में कहा कि पीपुल्स डिफेंस फोर्स की विशेष इकाइयों ने एक साथ हमला करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। एनयूजी के संक्षिप्त नाम से जाने जाने वाला समूह खुद को देश की वैध सरकार कहता है, जबकि पीपुल्स डिफेंस फोर्स काफी हद तक स्वायत्तता वाले कई स्थानीय प्रतिरोध समूहों से बनी है।

एनयूजी ने कहा कि हताहतों को लेकर खबरें हैं। सेना ने कहा कि उसने सात ड्रोन मार गिराए और किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हमले के अधिकांश विवरणों को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करना संभव नहीं है।

फरवरी 2021 में सेना द्वारा आंग सान सू ची की निर्वाचित असैन्य सरकार से सत्ता छीनने के बाद से म्यांमार में उथल-पुथल मची हुई है। इस घटनाक्रम के बाद से राष्ट्रव्यापी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया, जिसे सुरक्षा बलों ने बलपूर्वक दबा दिया, जिसके परिणामस्वरूप सशस्त्र प्रतिरोध हुआ जो गृह युद्ध के समान है।

## नेपाल : काठमांडू से चार संदिग्ध पाकिस्तानी गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल-भारत सीमा से दो पाकिस्तानियों सहित तीन आतंकियों की गिरफ्तारी के अगले ही दिन शुक्रवार को काठमांडू से चार पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

नेपाल पुलिस ने काठमांडू के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर चार पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता कुबेर कडायत ने बताया कि भारत के उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वायड द्वारा पकड़े गए पाकिस्तानियों और कश्मीर के आतंकवादियों को मदद करने के आरोप में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए सभी पाकिस्तानी नागरिक हैं। इनकी पहचान जुबेर उम्जाद (57), शाहजहां तनवीर (42), मलिक अहमद हामिद (52) तथा आरिफ मसीह (44) के रूप में हुई है।

## चीन की यूनिवर्सिटी में लड़कियों के लिए मुसीबत बना 20 साल का छात्र, अजीब बीमारी के चलते सोशल मीडिया पर खूब हो रही चर्चा



**नई दिल्ली।** इन दिनों चीन की सोशल मीडिया साइट्स पर 20 साल का कॉलेज स्टूडेंट चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, यह छात्र 'डिल्यूज्नल लव डिसॉर्डर' नामक बीमारी से पीडति है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार छात्र सेंकड ईयर में पढ़ता है, जिसका सरनेम लियू है। उसे यह लगता है कि उसकी साथ पढ़ने वाली लड़कियां उसे पसंद करती हैं। लियू में इसके लक्षण फरवरी से ही दिखाई देने शुरू हो गए थे, जो अब और बिगड़ गए हैं। यहां तक कि हालात इस कदर बिगड़ गए कि वह अपनी फीमेल कॉलेजमेट्स के साथ अजीब-सा बर्ताव करने लगा।

**छात्र को सबसे सुंदर होने का भ्रम**

लियू का इलाज करने वाले डॉक्टर लू शेन्जॉ ने साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट को बताया कि जब छात्र लियू उनके पास आया तो उसने कहा, 'यूनिवर्सिटी की सभी लड़कियां उसे पसंद करती हैं'। डॉक्टर ने आगे कहा कि उसे ऐसा लगता है कि पूरी यूनिवर्सिटी में वह ही सबसे सुदंर लड़का है।

हालांकि, जिन भी लड़कियों को लियू ने एप्रोच किया उन सभी ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया फिर भी उसे यह विश्वास था कि वे लड़कियां उसके लिए अपना प्रेम को स्वीकारने में शर्मा रही हैं। इसके कारण यूनिवर्सिटी की लड़कियों को काफी तकलीफ का सामना करना पड़ा।

**मामला गंभीर होने पर मरीज कर सकता है हमला**

लियू की इस बीमारी में और भी लक्षण दिखाई दिए, जिसके कारण उसे रातभर नींद नहीं आती है और क्लास में भी उसका ध्यान नहीं रहता है। वहीं पैसे खर्च करने में भी उसका खुद पर नियंत्रण नहीं रहता है। जिसके बाद डॉक्टर्स ने उसे 'डिल्यूज्नल लव डिसॉर्डर' नाम की बीमारी से पीड़ति पाया।

डॉक्टर ने बताया कि यह बीमारी ज्यादातर स्प्रिंग सीजन में देखने को मिलती है, जिसके मामले मार्च से अप्रैल तक इसके मामले देखने को मिलते हैं। मौसम में बदलाव के कारण इस दौरान मानव शरीर में एंडोक्रिन लेवल बढ़ने से ऐसा होता है। इस दौरान इंसान हाइपर हो जाता है और नींद नहीं आती।

लक्षण गंभीर होने पर इंसान बातूनी हो जाता है। कई मामलों में सेक्स एडिक्ट भी हो जाता है। कई केसों में ये मरीज लोगों पर हमला भी करने लगते हैं। डॉक्टर लू ने कहा कि जैसे ही इसके हल्के लक्षण दिखाई दें तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। वहीं पेशेंट लियू के बारे में डॉक्टर लियू ने कहा कि फिलहाल वह रकिवर कर रहा है।

# पाकिस्तान ने टीटीपी के साथ बातचीत से इनकार किया, अफगानिस्तान से आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने गुरुवार को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ बातचीत से इनकार कर दिया और अफगानिस्तान से उसकी धरती से इस्लामाबाद में "अस्थिरता" पैदा करने वाले आतंकवादी संगठनों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने को कहा।

बलूच ने यहां एक साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा, "पाकिस्तान को उम्मीद है कि अफगान अधिकारी आतंकवादी संगठनों और उनके नेतृत्व के खिलाफ उन अपराधों के लिए तत्काल कार्रवाई करेंगे, जो वे कर रहे थे और जिन आतंकवादी घटनाओं के लिए वे पाकिस्तान में जिम्मेदार थे।"

बलूच ने कहा, "पाकिस्तान उन सभी आतंकवादी संगठनों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्होंने देश और पाकिस्तान-चीन दोस्ती के प्रतीकों को निशाना बनाया था।"

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय का यह बयान अफगानिस्तान के अंतरिम आंतरिक सुरक्षा मंत्री मुहम्मद नबी ओमारी द्वारा पाकिस्तान सरकार से टीटीपी के साथ टेबल वार्ता करने के आह्वान के एक दिन बाद आया है।

अफगानिस्तान के खोस्त में एक इफ्तार सभा के दौरान नबी ओमारी ने कहा,



"हम पाकिस्तान सरकार से पूछते हैं और उनके साथ लड़ रहे भाइयों (टीटीपी) को एक साथ आने और बात करने की सलाह देते हैं।"

अफगान तालिबान पाकिस्तान से टीटीपी के साथ जुड़ने का आह्वान कर रहा है। उसने वार्ता को सुविधाजनक बनाने के लिए अपनी तत्परता जताई है, जैसा कि उसने पीटीआई के संस्थापक इमरान खान के कार्यकाल के दौरान किया था। वर्षों पहले पाकिस्तान इस प्रस्ताव पर सहमत हुआ था और काबुल में टीटीपी नेतृत्व के साथ महीने भर की बातचीत की थी। नतीजतन, टीटीपी ने युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद पाकिस्तानी जेलों में बंद कई तालिबान कैदियों को रिहा किया गया और पाकिस्तान मूल के टीटीपी लड़ाकों को अपने परिवार के साथ घर लौटने की इजाजत दी गई थी।

हालांकि, पिछले समझौते से टीटीपी उग्रवादियों को बड़ी संख्या में देश के कुछ हिस्सों में फिर से बसने और खुद को फिर से संगठित करने में मदद मिली और वे पहले से अपने नियंत्रण वाले इलाकों पर फिर से कब्जा करने की दिशा में काम कर रहे थे।

वरिष्ठ विश्लेषक अदनान शौकत.ने कहा, "टीटीपी के साथ पिछला शांति समझौता एक बड़ी गलती थी। इस वजह से हजारों टीटीपी आतंकवादी देश में वापस आ गए और फिर से संगठित हुए। पाकिस्तान ने 400 से ज्यादा टीटीपी कैदियों को रिहा कर दिया था।"

उन्होंने कहा, "पाकिस्तान को अब यह देखना चाहिए कि अफगानिस्तान में टीटीपी के लिए सुविधा और समर्थन क्यों है। यह उनकी सरकार है, जो इन टीटीपी आतंकवादियों का समर्थन करती है और पाकिस्तान में और उनके खिलाफ उनके कार्यों को बढ़ावा देती है। यही कारण है कि वे उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकते और यही कारण है कि वे इस्लामाबाद से उनके साथ टेबल वार्ता करने के लिए कहते रहते हैं।" लेकिन अफगानिस्तान पर पाकिस्तान की नीति स्पष्ट और कठोर नजर आती है। पाकिस्तान ने टीटीपी के साथ अब और बातचीत नहीं करने का फैसला किया है, इस तथ्य के बावजूद कि अफगान तालिबान ने इस बात से इनकार किया है कि टीटीपी संगठन और आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ अफगान की धरती का उपयोग कर रहे हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि इस्लामाबाद को अपने अंदर देखने और अपनी आंतरिक सुरक्षा समस्याओं का समाधान करने की जरूरत है; पाकिस्तान ने मार्च, 2024 में उत्तरी वजीरिस्तान में एक आत्मघाती बम विस्फोट में अपने सात सैनिकों की मौत के जवाब में खोस्त और पक्तिका में हवाई हमले किए हैं। पिछले हफ्ते रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा था कि पाकिस्तान में आतंकवाद का स्रोत अफगानिस्तान में है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।